अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# भ्रष्टाचार के आरोपों पर शासन में अड़े मंत्री तब हटे सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी को कर्मचारियों से लेनदेन के आरोप में हटाए जाने की चर्चा जिले में आम है। हालांकि उनको हटाकर ग्राम्य विकास विभाग लखनऊ से संबद्ध किए जाने के पीछे महिला सचिवों को परेशान किए जाने की बात सामने आई थी। महिला सचिवों ने इसे लेकर जिलाधिकारी से शिकायत भी की थी। इसमें कहा गया था कि जानबूझकर उत्पीड़न करने के लिए उनकी तैनाती असुरक्षित विकास खंडों में करके दूर स्थित क्लस्टर आवंटन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भी मुख्य विकास अधिकारी की शिकायत हुई थी। अब कहा जा रहा है कि जब एक मंत्री उनको हटाए जाने के लिए अड़ गए, तब बुधवार रात मुख्य विकास अधिकारी को हटाने का आदेश जारी हुआ।

● विकास भवन के मुखिया की कार्यशैली से कई अधिकारी व कर्मचारी थे परेशान



राम कृपाल चौधरी।




विकास भवन स्थित मुख्य विकास अधिकारी का कक्ष।

विकास भवन कार्यालय के एक कर्मी ने आरोप लगाया कि मुख्य विकास अधिकारी बिना कुछ लिए किसी फाइल को अनुमोदित नहीं करते थे। वहीं एक अन्य कर्मचारी का आरोप है कि साहब, स्पष्ट कहते थे कि 'खाली-खाली ही फाइल कराओगे।' करीब तीन माह पहले ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों की तैनाती का मामला तूल पकड़ने पर शासन तक पहुंचा था। राज्य महिला आयोग में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। सूत्रों का कहना है कि भ्रष्टाचार तथा उत्पीड़न के आरोपों के साक्ष्य डिप्टी सीएम व प्रमुख सचिव तक पहुंचाए जाने पर कार्रवाई हुई है।

कहा यह भी जा रहा है कि एक जनप्रतिनिधि ने मुख्य विकास अधिकारी पर कार्रवाई न होने पर इस्तीफा देने तक की बात कह दी थी। वहीं दबी जुबान यह भी चर्चा है कि जिले के ही दो अन्य जनप्रतिनिधि उन्हें बचाने में जुटे थे। सीडीओ चौधरी दो साल दो माह से जिले में तैनात थे और उनके रिटायर होने में एक साल भी नहीं बचा है।

## यहां से शुरू हुई बात बिगड़ने की कहानी

- ग्राम पंचायत सचिव प्रियंका सिंह की तैनाती जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र में थी। एसआईआर समेत अन्य कार्य भी चल रहे थे। उस समय ट्रेनी आईएएस अर्पित कुमार के पास बीडीओ का प्रभार था। 25 सितंबर 2025 को प्रियंका की ब्लॉक में तबियत बिगड़ गई। कहा जाता है कि अधिकारियों ने इसे उनका नाटक बताया। इसके बाद प्रियंका ने तीन साल पूरे होने का हवाला देते हुए ब्लॉक से तबादले की मांग रखी तो गुगरापुर क्षेत्र में तैनात कर दिया गया। कटरी क्षेत्र के इस ब्लॉक में वह जाना नहीं चाहती थीं। इसके बाद कुछ सचिवों को एक तो कई को एक से अधिक कलस्टर आवंटन का आरोप लगाकर उन्होंने मोर्चा खोल दिया।

## डीपीओ के कारनामों पर डाल रखा था पर्दा

- आरोप है कि तत्कालीन जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) इरा आर्या ने आउट सोर्सिंग भर्ती में अपने सगे-संबंधियों को तैनाती दी थी। इसके अलावा बजट में भी घालमेल किया। शिकायत हुई कि सीडीओ की शह पर ही वे लोगों पर रौब जमाती थीं। कहा जाता है कि इसके बावजूद तत्कालीन सीडीओ चौधरी ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। वर्तमान में इरा आर्या रामपुर में तैनात हैं। जानकारी के मुताबिक उनके खिलाफ वहां के न्यायालय में परिवाद भी दर्ज हुआ है।




दीप ग्लोबल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम पेश करते बच्चे। अमृत विचार

## वार्षिक समारोह में बच्चों ने मंच पर मचाया धमाल

**तिर्वा, कन्नौज।** कस्बा के कालिका नगर स्थित दीप ग्लोबल पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक नीरज राजपूत, तथा प्रधानाचार्य अरविंद राजपूत ने सफल छात्रों को परीक्षाफल वितरित किए इसके उपरांत स्कूल के छात्रों सांस्कृतिक व देश भक्ति से सरोवर कार्यक्रम व नृत्य पेश कर अभिभावकों का मन मोह लिया। साइबर सुरक्षा हेल्प डेस्क प्रभारी बृजेश कुमार, महिला आरक्षी मनोरमा कांस्टेबिल रविन्द्र गुर्जर ने साइबर सुरक्षा व नारी सुरक्षा लेकर महत्व पूर्ण जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा, पूर्व चेयर मैन विनोद गुप्ता, बंटी राजपूत, अजय कुमार, रेखा राजपूत, राहुल बेनजीर, आस्था, अंजलि, साक्षी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राथमिक विद्यालय से गैस सिलेंडर चोरी

**तिर्वा।** मॉडल प्राथमिक विद्यालय महसौनापुर में देर रात घुसे चोरों ने किचन का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। गुरुवार की रात चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महसौनापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की रसोई का ताला तोड़ कर उसमें रखा गैस सिलेंडर, भट्ठी, बर्तन तथा एमडीएम का अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह स्कूल खोलने गए शिक्षकों ने ताला टूटा देख प्रधानाध्यापक को सूचना दी। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर देकर घटना से अवगत कराया है। हेड मास्टर ने बताया कई दिनों से विद्यालय में बिजली न आने के कारण सीसी कैमरे की रिकार्डिंग नहीं हो पाई है।

### पड़ोसियों ने महिला से की मारपीट

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धमे के ताल निवासी शोभा पत्नी धीरेंद्र ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कहा, पति बाहर मजदूरी करते हैं, इसलिए वह बच्चों के साथ अकेली घर पर रहती है। आरोप लगाया कि पड़ोस के कुछ दबंग लोग आए दिन उसे गंदी-गंदी गालियां देते और कई बार मारपीट भी कर चुके हैं। शुक्रवार को फिर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

### पालिका के जेई पर सभासद प्रतिनिधि से अभद्रता का आरोप

**छिबरामऊ।** नगरपालिका परिषद छिबरामऊ में विकास कार्यों को लेकर गया एक सभासद प्रतिनिधि जेई की बदसलूकी का शिकार हो गया। शिकायत पुलिस तक गई लेकिन बाद में प्रकरण में समझौता हो गया। वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर की महिला सभासद पान कुमारी के पुत्र और प्रतिनिधि चरन सिंह ने जेई रविराज कौशल पर गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार, 8 अप्रैल की शाम वह सभासद प्रदीप उर्फ अजय चौहान के साथ वार्ड में टूटी नाली और सड़क की शिकायत लेकर नगरपालिका कार्यालय गए थे। आरोप है कि जेई ने शिकायत सुनने के बजाय अभद्रता की और उन्हें जातिसूचक शब्द बोलते हुए अपमानित किया। मारपीट की कोशिश और जान से मारने की धमकी के भी आरोप लगाए।

### युवक पर तेजाब से हमला, शरीर जला और आंख खराब

**छिबरामऊ।** एक युवक पर तेजाब से हमला किया गया जिससे उसका शरीर जल गया और आंख खराब हो गई। मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। कस्बा विशुनगढ़ निवासी महेश चंद्र शर्मा ने बताया कि उनका पुत्र रिंकू गुरुवार रात करीब 10 बजे खेत से गेहूं की फसल देखकर लौट रहा था। तभी बृजेश खटीक के घर के सामने कुछ स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर तेजाब डाल दिया। इससे उसका पूरा शरीर जल गया और एक आंख भी खराब हो गई। आरोपी पहले भी रिंकू को जान से मारने की धमकी दे चुके थे। उस दिन भी उन्होंने गाली देकर जान से मारने की धमकी दी थी। थाना प्रभारी भागमल सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर छानबीन की जा रही है।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन घट गए 2.88 लाख मतदाता

## कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की बैठक में दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जनपद में सर्विस मतदाताओं सहित कुल 10,70,066 मतदाता सम्मिलित हैं।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष शुक्रवार को अंतिम प्रकाशन की जानकारी दी और मतदाता सूचियां सौंपी। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को एसआईआर प्रारम्भ हुआ था। तब जनपद में 12,89,220 मतदाता थे, जो अंतिम प्रकाशन में घटकर 10,67,332 रह गए। इस प्रकार 2,21,888 मतदाता निर्वाचक नामावली से हटे हैं। बताया कि 06 जनवरी को आलेख्य प्रकाशन के समय 10,11,125 मतदाता थे, जो अंतिम प्रकाशन में 10,67,332 हो गए। दावे-आपत्ति अवधि में परिवर्धन-60,501, संशोधन-13,421 एवं विलोपन-4,294 की कार्यवाही के उपरांत शुद्ध रूप से 56,207 मतदाताओं की वृद्धि हुई। दावे-आपत्ति अवधि में प्राप्त प्रारूप 6, 7 व 8 की सूचियां प्रारूप 9, 10, 11, 11 क व 11 ख पर जनपद के 07 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को साप्ताहिक रूप से उपलब्ध कराई गईं। एसआईआर अवधि में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर पर 268, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से 13 तथा एनजीएसपी पोर्टल पर 509 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका निस्तारण किया गया। सक्रिय 07 राजनैतिक दलों में से 05 दलों द्वारा 4,657 बीएलए नियुक्त किए गए, जिनसे 764 प्रारूप-6 एवं 86 प्रारूप-7 प्राप्त हुए।



कलेक्ट्रेट में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की जानकारी देते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री।

# दिल्ली के युवक की ट्रेन से कट कर मौत

संवाददाता, मानीमऊ

**अमृत विचार।** मानीमऊ में ट्रेन से कट कर दिल्ली के युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। रियल 92 बी जामिया नगर अब्दुल फजल एनक्लेव -1 दक्षिण दिल्ली निवासी फरमान (28) पुत्र रुखसार अपनी बहन मानीमऊ क्षेत्र के घर मियागंज गांव के पूर्व प्रधान अब्दुल खालिक के यहां आया था। गुरुवार को गांव के पप्पू पठान की पुत्री शादी में सम्मिलित हुआ था। देर रात वह रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गया, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। किसी को घटना की जानकारी नहीं हो सकी, जिसके चलते शव रात भर ट्रैक के किनारे पड़ा रहा। सुबह राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी कर्णबीर सिंह ने पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक रुखाबाद जिले के गांव ललई, थाना कायमगंज का मूल रूप से निवासी था। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना हुई या कुछ और है।



फरमान।



दुर्घटना के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

## आठ दिन पहले सड़क हादसे में घायल व्यापारी की थम गईं सांसें

- **सौरिख।** ई रिक्शा से गिरकर घायल हुए व्यापारी की 8 दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामजीवन (52) पुत्र सियाराम निवासी मेंन बाजार रोजमर्रा की वस्तुओं की दुकान चलाते थे। दो अप्रैल को दुकान के लिए वस्तुएं लेने छिबरामऊ बाजार गए थे। लौटते समय ग्राम रमपुरा खोजीपुर के सामने ई-रिक्शा से रोड पर गिर पड़े थे। परिजनों ने उन्हें छिबरामऊ के 100 सैया अस्पताल में भर्ती कराया था जहां से सैफई रेफर कर दिया गया था। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। वह अपने पीछे पत्नी विनीता, तीन पुत्र एक पुत्री छोड़ गए है। घर की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। खबर लिखे जाने तक शव घर पर नहीं पहुंच सका है।



रामजीवन।

# गिराये जा रहे मकान के छज्जे की चपेट में आकर दो युवक घायल

**कन्नौज।** गिराये जा रहे पुराने मकान का छज्जा गिरने से दो युवक घायल हो गए।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजयपाल निवासी आदित्य के पुराने मकान को गिरा कर नया निर्माण किया जा रहा है। मकान में रखे सामान को परिजन व रिश्तेदार पडोसी के मकान में रख रहे थे। घटना गुरुवार रात करीव 11 बजे की है। जब श्यामू व कृष्णा सामान को निकाल कर पडोसी के मकान में रख रहे थे। तभी मकान का छज्जा भरभरा कर गिर गया। चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी पर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और घायलों को अपनी सरकारी कार से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, महिला घायल

- **कन्नौज।** दंपति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मकरंदनगर नगर निवासी वृजेश कुमार शुक्रवार को बाइक पर पत्नी को बैठा कर पुराने मकान से नये मकान की ओर जा रहा था। पीएसएम डिग्री कालेज के निकट मजार के सामने जीटी रोड किनारे खुदे गड्ढे के पास पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारदी। दोनों गिर पड़े। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उधर से गुजर रहे कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने दुर्घटना देख अपनी गाड़ी रोकी, घायल महिला व पति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## भगतई से नाराज युवक ने मारपीट कर किया घायल

- **सौरिख, कन्नौज।** भगतई से नाराज युवक ने महिला सहित चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंच प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के बेहटा रामपुर निवासिनी संतोषी पत्नी रामू ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, 9 अप्रैल की सुबह लगभग 7 बजे गांव का वीरू पुत्र शिवरतन उसके दरवाजे आया और भगतई के झूठे आरोप लगाते हुए गाली देने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो वीरू अपने भाई सुमित, मां गुड्डी देवी, पत्नी निशा के साथ आया और लाठी डंडों से मारपीट करने लगा। बचाने आए पति रामू, पुत्री नंदिनी व ससुर राकेश को भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## अंबेडकर की 135वीं जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**छिबरामऊ।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शुरू होगा। शोभायात्रा नगर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, जीटी रोड, पश्चिमी बाईपास होते हुए गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल तक पहुंचेगी। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य सहित संजीव कुमार उर्फ ट्विंकल, प्रधान संजीव कुमार, उपाध्यक्ष तीरथ खरे, कोषाध्यक्ष कमलाकांत, सतेंद्र सिंह बौद्ध एड., मनोज कुमार, महासचिव तीर्थराज बौद्ध (एड.), डॉक्टर अशोक तामरे, डॉ. सुभाष चन्द्रा, गुलाम वारिस, चौद वाबू, सपा जोन प्रभारी राशिद फारूखी, बिल्लू भारती (प्रधान), डा. आलोक प्रजापति, बृजेश कुमार रहे।



भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर जीतू तिवारी का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

## गांव चलो अभियान में बताई सरकार की उपलब्धियां, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दूसरी बार भाजपा का जिला उपाध्यक्ष बनने पर जीतू तिवारी का नगर में लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से चल रहे गांव चलो अभियान के तहत जनता को सरकार की उपलब्धियां बताई जा रही हैं। शुक्रवार को कस्बा के जीटी रोड मोहल्ला शास्त्री नगर में एक निजी प्रतिष्ठान पर उनका कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी की ओर से गांव चलो अभियान 12 अप्रैल तक चलेगा। सभासद धर्मेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी को अपने में समाहित करती है। इस दौरान विलियम त्रिपाठी, रामू सविता, गोविंद गुप्ता, मोहन वर्मा, रंजीत सिंह, राजीव, सोनू तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

## दरवाजे पर बैठे युवक को पड़ोसियों ने पीटकर किया घायल

**छिबरामऊ।** घर के दरवाजे पर बैठे युवक के साथ पड़ोसियों ने मारपीट कर दी। बचाने आए उसके परिजनों को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

नगर के मोहल्ला जेरकिला निवासी अयान पुत्र परवेज ने बताया कि शुक्रवार की शाम 4 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी पड़ोस के रहने वाले दबंग लोगों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी। चीख पुकार सुनकर बाहर आए पीड़ित के माता-पिता तथा भाई को भी आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित का कहना है की मारपीट में उनकी माता का एक सोने का कुंडल गिर गया तथा मोबाइल फोन टूट गया। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

विवाद | विद्युत उपकेंद्र के निकट स्थित एक निजी अस्पताल के सामने का मामला

# अस्पताल के बाहर दीवार बनाने को लेकर तीखी झड़प

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के निकट स्थित एक निजी अस्पताल के सामने दीवार बनाने को लेकर लोगों की जेई से तीखी नोंकझोंक हुई।

कस्बा स्थित विद्युत उपकेंद्र पर कई अलग-अलग स्थान से आने-जाने के लिए रास्ते बने थे। एक विद्यालय और एक नर्सिंग होम का निकास भी इसी की जमीन से था। पिछले काफी दिनों से विभाग की ओर से उपकेंद्र की जमीन सुरक्षित करने के इरादे से इसके चारों ओर बाउंड्री वाल का निर्माण किया जा रहा है। इसके चलते अन्य कई रास्ते बंद कर दिए गए और शेष भी बंद किये जा रहे हैं। शुक्रवार को निजी नर्सिंग होम के सामने दीवार खड़ी करने पर संचालक और उनके समर्थकों की एसडीओ पंकज कुमार, जेई राजकुमार व जेई सिविल सत्येंद्र पाल सिंह से तीखी नोक झोक हो गई। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारी बिना सूचना और समय दिए नर्सिंग होम के सामने दीवार बनाकर उनका रास्ता बंद कर रहे हैं। पूर्व शासकीय सभासद सुमित सक्सेना ने बताया कि उपकेंद्र परिसर में स्थित ऐतिहासिक श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर जाने वाले रास्ते भी बंद किया जा रहे हैं जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होगी। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस ओर ध्यान दें। वहीं एसडीओ ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर विद्युत उपकेंद्र की जगह सुरक्षित की जा रही है। इस जगह पर अवैध रूप से आने-जाने वाले रास्ते बंद किया जा रहे हैं परिसर में आने के लिए सिर्फ एक ही गेट रहेगा।



अस्पताल के सामने उठाई जा रही दीवार। अमृत विचार



जेई से नोंकझोक करते लोग। अमृत विचार

## नकली कंपनी का धान का बीज 80 हजार में नीलाम

**गुरसहायगंज।** करीब एक वर्ष से कोतवाली में जमा नकली कंपनी के धान का बीज शुक्रवार को अधिकारियों के आदेश पर नीलाम कर दिया गया। पांच लोगों में से अधिकतम बोली 80 हजार लगाने वाले के नाम धान कर दिया गया।

करीब एक वर्ष पहले कस्बा में एक दुकानदार को नकली धान का बीज एक कंपनी ने पंजाब से भेजा था। दुकानदार ने इसकी शिकायत पर पहुंचे असल कम्पनी के अधिकारियों ने बीज जब्त कर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार को नायब तहसीलदार रामप्रकाश, अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र तिवारी, निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, मालखाना इंचार्ज पवन शर्मा की मौजूदगी में नीलामी हुई।



डॉ. सैमुअल हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण करते डॉ. रजनीश दुबे व अन्य।

## जटिल रोगों में कारगर है होम्योपैथी : डॉ रजनीश

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के होम्योपैथिक क्लीनिक पर होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन का 271वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ रजनीश द्विवेदी ने कहा लाइलाज रोगों में होम्योपैथी चिकित्सा बेहद कारगर है। उन्होंने कहा आज होम्योपैथी भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में चिकित्सा की दूसरी प्रमुख पद्धति बन गई है। देश में इसकी शुरुआत 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में कोलकाता से होम्योपैथिक फिजीशियन डॉ महेंद्रलाल सरकार ने की थी। डॉ अनुप्रिया ने कहा लोगों का यह सोचना गलत है कि यह बहुत धीमी और देर से असर करती है। चार-पांच साल पुराने रोग को ठीक करने के लिए चार-पांच महीने का समय लगता है जबकि तीन-चार दिन पुराना रोग एक-दो दिन में ठीक हो जाता है। डॉ अनिल सिंह चौहान, डॉ संजीव माथुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ हैनीमैन की फोटो पर माल्यार्पण के बाद मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान शारदा देवी, डॉ आरपी दुबे, डॉ महावीर यादव व डॉ संजीव यादव, ध्रुव, धीरज, राधा व प्रबल दुबे आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो आरोपी चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार

**तिर्वा।** गुरुवार रात कस्बा चौकी इंचार्ज ज्ञानेंद्र सिंह हमराह ओमवीर चाहर, राहुल व विकास के साथ सुजान सराय मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। पॉलिटेक्निक कॉलेज की तरफ से एक बाइक पर दो युवक आ रहे थे। पुलिस को देख लौटने लगे। पुलिस को शक हुआ तो बाइक सवार को रोक कर कागज दिखाने को कहा तो वह लोग इधर उधर की बात करने लगे। पुलिस ने जब सख्ती की तो युवकों ने बाइक दिल्ली से चोरी करने की बात कही। आरोपियों ने अपने नाम कमर पुत्र अफसर तथा इमरान पुत्र इकलाख निवासी पाटानाला सफदरगंज सदर कोतवाली कन्नौज बताए। दोनों को जेल भेजा गया है।

### बिजली विभाग का कैंप, 250 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया

**सौरिख।** बिजली विभाग ने सौरिख क्षेत्र के कुम्हरमंडी–सकरावा रोड पर विशेष कैंप लगाया गया। इस दौरान विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 100 केवीए ट्रांसफार्मर को हटाकर उसकी जगह 250 केवीए का स्थापित किया गया, जिससे क्षेत्र में ओवरलोड की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सौरिख उपखण्ड अधिकारी अनिल राम, अवर अभियंता दिलीप शर्मा सहित विभाग के कर्मचारी—विशाल, साधु यादव, शिवरतन और राजीव मौजूद रहे। सौरिख चेयरमैन राहुल गुप्ता विशेष रूप से सक्रिय नजर आए। उन्होंने स्वयं मौजूद रहकर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं।

### हादसों में सात घायल चार की हालत गंभीर

**कायमगंज।** क्षेत्र में अलग–अलग हादसों में सात लोग घायल हो गए। इसमें चार की हालात गंभीर है। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव अहमदगंज निवासी श्री राम (62) जनपद एटा के थाना निवासी रवि (19) व हरी प्रकाश (19) कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव हजरतगंज निवासी सोमवती (30) पत्नी जितेन्द्र सिंह थाना क्षेत्र के गांव कमरुद्दीन नगर निवासी दिगंबर (19) थाना कंम्पिल क्षेत्र के गांव अकराबाद निवासी विवेक (24) व करन (20) घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों व 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सोमवती, दिगंबर, विवेक व करन की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।

### महिला को पंखे का प्लग निकालते समय लगा करंट, भर्ती

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के लुधैया गांव में शुक्रवार को एक महिला पंखे का प्लग निकालते समय करंट की चपेट में आ गई। घटना में महिला बेहोश होकर गिर पड़ी, जिसके बाद उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी उमेश की 40 वर्षीय पत्नी रीना अपने घर में लगे पंखे का प्लग बोर्ड से निकाल रही थीं। इसी दौरान घरेलू तार में कट होने के कारण अचानक तेज करंट प्रवाहित हुआ और रीना उसकी चपेट में आ गईं। करंट लगते ही वह चीखते हुए अचेत होकर गिर पड़ीं। रीना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना किसी देरी के रीना को कायमगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। सीएचसी में तैनात डॉ. विपिन सिंह ने बताया कि समय पर इलाज मिलने से महिला की हालत अब खतरे से बाहर है।

### सपा आज मनाएगी महात्मा ज्योतिवाराव गोविन्दराव फुले जयंती

**फर्रुखाबाद।** शनिवार 11 अप्रैल को आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर अपराह्न दस बजे जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव जी की अध्यक्षता में प्रख्यात समाज सुधारक एवं लेखक महात्मा ज्योतिवाराव गोविन्दराव फुले जी की जयंती के अवसर पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन मूल्यों और देश और समाज के प्रति उनके योगदान की चर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार संतोष दिवाकर जिलाध्यक्ष समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ फर्रुखाबाद को कार्यक्रम का प्रभारी नामित किया गया है। यह जानकारी जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने दी।





तिर्वा के राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में मौजूद शिक्षक। सम्मान प्राप्त करने के बाद मौजूद रिटायर अध्यापक, मंत्री असीम अरुण, विधायक अर्चना पांडेय, विधायक कैलाश राजपूत।

# प्रोजेक्ट अलंकार से विद्यालयों में बढ़ेंगीं सुविधाएं, 1.32 करोड़ पास

## शासन देगा 75 फीसदी बजट, उसके सापेक्ष पहली किस्त में करीब 31 लाख रुपये जारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/ तिर्वा

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से "स्कूल चलो अभियान नया सत्र नया सवेरा" कार्यक्रम हुआ। इसमें बोर्ड परीक्षा-2026 के सकुशल संपन्न कराने पर परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्यों व 18 सेवानिवृत्त अध्यापकों को भी सम्मान दिया गया। सत्र 2025-26 में प्रोजेक्ट अलंकार (सहयोगी अनुदान) योजना में दो विद्यालयों के लिए स्वीकृत 1.32 करोड़ रुपये के सापेक्ष शासन ने करीब 31 लाख रुपये पहली किस्त जारी कर दी है।

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत स्वीकृत लागत में 75 फीसदी शासन देता है। 25 फीसदी स्कूल स्वयं बजट देता है। 75 प्रतिशत धनराशि के सापेक्ष पहली किस्त 40 प्रतिशत बजट भेज दिया गया है। बताया कि सुशीला देवी तेजसिंह कनौजिया स्मारक इंटर कॉलेज, ताहपुर के लिए शासन ने 69 लाख 96 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें 52 लाख 47 हजार रुपये शासन देगा इसके सापेक्ष 20 लाख 98 हजार 800 रुपये जारी हो गए हैं। इसी तरह मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज के लिए 33 लाख 33 हजार 300 रुपये की स्वीकृति शासन ने दी है। इसमें 24 लाख 99 हजार 975 रुपये यानि 75 फीसदी शासन देगा। उसके सापेक्ष पहली किस्त 09 लाख 99 हजार 990 रुपये जारी कर दिए गए हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, विधायक छिबरामऊ अर्चना पाण्डेय, विधायक तिर्वा कैलाश सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, एडीएम (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह तथा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने प्रतीकात्मक चेक विद्यालयों के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया को दी।

### रिटायर हुए इन अध्यापकों को मिला सम्मान

- तिर्वा स्थित डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों व जनप्रतिनिधियों ने मिलकर रिटायर हुए प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह राजपूत, ओमकार सिंह, उमेश चंद्र पांडेय व अबुल कलाम, प्रवक्ता रामेंद्र दीक्षित, शैलेंद्र सिंह यादव, जगदीश नारायण, मनोज पांडेय, श्रीनारायण गुप्त, मुकेश सिंह चौहान, सहायक अध्यापक राजेश शर्मा, ज्योत्सना मिश्रा, होमचंद्र, आलोक शुक्ल, रघुवीर सहाय, मोहम्मद सलीम, अजय पाल सिंह, अशोक श्रीवास्तव को सम्मानित किया।

### केवल मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही प्रवेश दिलाएं

- स्कूल चलो अभियान के तहत नवीन शैक्षणिक सत्र में कक्षा 08 एवं 10 के विद्यार्थियों का शत–प्रतिशत पंजीकरण करने, ड्रॉपआउट शून्य रखने तथा विद्यार्थियों को केवल मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही प्रवेश दिलाने की बात कही गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि "विद्यालय केवल शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र, अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण की प्रयोगशाला है। इस अवसर पर जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष श्यामू राजपूत, विवेक पाठक, जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय, मिथिलेश बाथम, सुभाष राजपूत उपस्थित रहे।

# सरकारी जमीन बेचने की साजिश पर प्रशासन सख्त

**छिबरामऊ।** नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला सराफान में सरकारी जमीन को हड़पने की कोशिश का मामला सामने आया है। अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने गाटा संख्या-1492 की बेशकीमती भूमि को भू-माफियाओं से बचाने के लिए एसडीएम को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। राजस्व अभिलेखों में यह जमीन शहरी गरीब आवास योजना के नाम दर्ज है। स्थानीय नागरिकों ने सूचना दी कि कुछ भू-माफिया इस सरकारी भूमि को बेचने की फिराक में हैं। वहीं एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने स्पष्ट किया है कि तालाब और सरकारी भूमि की पैमाइश कराई जाएगी। यदि किसी ने अवैध कब्जा या जमीन का बैनामा (रजिस्ट्री) किया होगा तो उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सरकारी जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा : गुरसहायगंज** क्षेत्र की रूपपुर की प्रधान सीता राजपूत ने बताया कि गांव के कुछ लोग जो दबंग हैं खाली पड़ी सरकारी जमीन पर पक्का निर्माण कर रहे हैं। रोका तो उन्होंने गालीगलौज किया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने काम रुकवाया। प्रधान में एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी को जानकारी दी जिस पर पुलिस को निर्माण रोकने के निर्देश दिए हैं।

# जिपं अध्यक्ष पर भेदभाव का आरोप, सदस्यों ने सड़क और लाइटों में बताई गड़बड़ी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में जिला पंचायत की सामान्य बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष प्रिया शाक्य पर भेदभाव के आरोप लगाए गए। सदस्यों ने सड़क निर्माण व लाइटों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और कार्रवाई न होने की बात कही। रस्म अदायगी में बैठक करीब 35 मिनट में निपट गई। भाजपा समर्थित सदस्य ने भी जिला पंचायत के खिलाफ मोर्चा खोला।

शुक्रवार को हुई बैठक में सदस्यों ने मानकविहीन निर्माण कार्य होने के आरोप जड़े। कहा कि जिला पंचायत में कुछ लोगों की मनमानी चल रही है और जनता से जुड़े मुद्दों पर कोई ठोस चर्चा नहीं हो रही है। अपर मुख्य अधिकारी विद्याशंकर पांडेय ने पिछली बैठक का एजेंडा पढ़कर सुनाया। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य अमिता उर्फ नेहा त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि जिला पंचायत की ओर से लगाई गई एक भी लाइट नहीं जली। कई बार शिकायत करने के बाद सुनवाई भी नहीं हुई। नाला, सड़क निर्माण नहीं हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनके क्षेत्र में कार्य नहीं हुए हैं। सपा समर्थित सदस्य इंद्रेश यादव ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में पांच साल में मात्र तीन सड़कें ही बन सकी जिसमें दो सड़कें छह महीने में टूट गईं। उन्होंने ठेकेदार की जमानत राशि जब्त करने की मांग रखी। कहा, खैरनगर-सुखी मार्ग पर स्थित कन्हईपुर्वा गांव में करीब 80 मीटर सड़क पर मात्र एक इंच ढलाई की गई। नाला निर्माण में केवल डस्ट का प्रयोग किया गया। कमिश्नर से शिकायत के बाद निर्माण कार्य दोबारा करने का आदेश हुआ, लेकिन बिना सुधार के भुगतान कर दिया गया। उन्होंने ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड कर, प्राथमिकी दर्ज कराने व सदस्यों की शिकायतों को गंभीरता से लेने की मांग की। सपा समर्थित सदस्य दिगंबर सिंह यादव ने कहा कि आइजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में महज रस्म अदायगी की गई है। जिला पंचायत की आय बढ़ाने के सुझावों पर कोई विचार नहीं किया गया। इसके अलावा कई सदस्य बोलना चाहते थे, लेकिन बैठक जल्द समाप्त कर दी। बैठक में विधायक अर्चना पांडेय, विधायक कैलाश सिंह राजपूत, तबादले के बाद लखनऊ संबद्ध हो चुके सीडीओ राम कृपाल चौधरी व सपा समर्थित सदस्य श्याम सिंह रहे।



बैठक में मौजूद जिपं अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विधायक अर्चना पांडेय, विधायक कैलाश राजपूत।

### हर जगह स्मार्ट मीटर का विरोध, एक्सईएन बता रहे बेहतर

**कन्नौज।** जिले में स्मार्ट मीटर का विरोध किया जा रहा है। शहर हो या गांव जहां पर मीटर लगाने टीमें पहुंच रही लोग लौटा रहे हैं। कहीं-कहीं विभाग के अधिकारियों की दबंगई से मीटर लगाये भी जा रहे हैं। भाजपा नेता सीधे तौर पर विभाग को स्मार्ट मीटर लगाने से मना कर रहे हैं। वहीं विभाग के एक्सईएन स्मार्ट मीटर की खूबियां बता रहे हैं।

विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जनपद में विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा, पारदर्शिता तथा तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की जा रही है। उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन पर स्मार्ट एप डाउनलोड कर घर बैठे ही बिजली खपत, बिल आदि जान सकते हैं।

# किसान अपना गेहूं व्यापारियों को एमएसपी पर ही बेचें

**कन्नौज।** कृषि समृद्धि आयोग के सदस्य (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) कुलजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार अधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि किसानों को प्रेरित किया जाए कि वे अपना गेहूं अगर सरकारी क्रय केंद्रों पर नहीं बिक्री करते और व्यापारियों को बेचते हैं तो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर ही बेचें।

शुक्रवार को उन्होंने कहा कि गल्ला व्यापारी भी किसानों की उपज को एमएसपी पर ही खरीदें। बैठक में बताया गया कि जनपद में अब तक 341 क्विंटल गेहूं खरीद हो गई है। सदस्य ने कहा कि कन्नौज में सभी गौशालायें ऑनलाइन हैं। कहीं भी बैठकर अधिकारी गौशालाओं की हकीकत देख सकते हैं। कहा कि गौशालाओं में भूसा बैंक बनाया जाये, जिससे भूसा की कमी न हो। इस दौरान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता उपस्थित रहे। उसके बाद दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री ने मेसर्स एमएस शीतगृह, नजरापुर का औचक निरीक्षण किया। शीतगृह प्रबंधक मुजाहिद अली एवं सुनील कुमार ने बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत स्थापित इकाई मै. एस. प्रतीक फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, नजरापुर को देखा।

# हाईवे पर सड़क हादसे में युवक की थम गईं सांसें, साथी घायल

- इटावा-बरेली हाईवे पर हुआ सड़क हादसा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में इटावा-बरेली हाईवे पर एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय इंद्रेश पाल की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुमंगलम हॉस्पिटल के सामने हुई, जब उनकी बाइक एक ई-रिक्शा से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार 32 वर्षीय सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, नगला खारिक पोस्ट महोई निवासी इंद्रेश पाल अपने साथी सचिन के साथ रोहिल्ला चौराहे स्थित स्पेलर पर सरसों पिराने जा रहे थे। वे बाइक से महिला चौराहा की ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान इटावा-बरेली हाईवे पर सुमंगलम हॉस्पिटल के सामने उनकी बाइक सामने से आ रहे एक ई-रिक्शा से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 108 एम्बुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सन्नी मिश्रा ने इंद्रेश पाल को मृत घोषित कर दिया। सचिन को प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया गया। उप निरीक्षक विनोद यादव ने मृतक इंद्रेश पाल के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंद्रेश पाल अपने पिता के साथ खेती का काम करते थे और तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। मृतक इंद्रेश पाल की चार वर्षीय एक पुत्री है। उनकी माता बिट्टी देवी और पत्नी मालती का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पानी टंकी का निर्माण अधूरा परेशान हो रहे चिलौली वासी

संवाददाता, कायमगंज

**अमृत विचार।** कायमगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिलौली में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गांव में पानी की टंकी का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने के कारण लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पा रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कायमगंज को प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि ग्राम पंचायत चिलौली में पानी की टंकी का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। टंकी तैयार न होने के कारण गांव में नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। हालात यह हैं कि भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे गांव के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पानी की किल्लत के कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है और पशुओं के लिए भी पानी की समस्या खड़ी हो गई है। ऐसे में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अधूरी पड़ी पानी की टंकी का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराकर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



एसडीएम से गुहार लगाने पहुंचे ग्रामीण। अमृत विचार

# हाथीपुर में तीन दुकानों से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र स्थित हथियापुर में गुरुवार रात चोरों ने तीन दुकानों से लाखों का सामान पार कर दिया। निशाना बनाई गयी दुकानों में कपड़ा और सराफा की दुकानें शामिल हैं।

गौरी ज्वैलर्स के मालिक मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि गुरुवार रात करीब 7.30 बजे वह दुकान बंद करके घर गए थे। चोरों ने सेंटर लॉक के ताले तोडक़र दुकान से 4 से 6 ग्राम सोने के आभूषण और पुरानी चांदी की पायलें चुरा लीं। वर्मा के अनुसार, करीब चार लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है। एक कपड़ा व्यापारी ने बताया कि उनकी दुकान से भी रात में ताले तोडक़र करीब एक लाख रुपये का सामान चुराया गया है। चोर पैंट-शर्ट, महिलाओं के सूट, बच्चों के कपड़े और एक पुराना मोबाइल फोन ले गए। शुक्रवार सुबह पड़ोस के दुकानदार ने मनोज कुमार वर्मा को फोन कर शटर टूटा होने की जानकारी दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। मामले की जानकारी मिलने पर सीओ सिटी अभय वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। सीओ सिटी ने बताया कि सुबह दो सर्राफा व्यापारियों के यहां शटर तोडक़र चोरी की सूचना मिली थी, जिसमें कुछ चांदी और 4 से 5 ग्राम सोने का सामान चोरी हुआ है। उन्होंने बताया कि मामले के खुलासे के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

**बैठक** डीएम बोले, त्रुटिरहित मतदाता सूची स्वतंत्र, निष्पक्ष निर्वाचन की आधारशिला

# अंतिम मतदाता सूची का किया प्रकाशन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद फर्रुखाबाद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के सफल समापन के उपरांत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।

जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ स्तर पर प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का विधिवत परीक्षण एवं निस्तारण किया गया। पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हैं तथा अपात्र, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नामों को विलोपित करते हुए मतदाता सूची को अद्यतन किया गया है। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची संबंधित मतदान केंद्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों तथा निर्धारित माध्यमों पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। सभी मतदाता अपने नाम, पते एवं अन्य विवरण की पुष्टि अवश्य कर लें।

जिलाधिकारी ने कहा कि शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया की आधारशिला है। उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित होती है, तो उसका नियमानुसार संशोधन हेतु आवेदन अवश्य प्रस्तुत करें। इस अवसर पर जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध करा दी गई है।



कलेक्ट्रेट सभागार में जानकारी देते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी।

### रतनपुर पमारान बूथ पर 94 नाम हटे

- **अमृतपुर।** अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रतनपुर पमारान में शुक्रवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण की अंतिम सूची का विधिवत प्रकाशन किया गया। बूथ संख्या 10 पर आयोजित इस प्रक्रिया को लेकर पूरे गांव में खासा उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्यालय परिसर में एकत्र हुए और सूची प्रकाशन की पूरी प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक देखा। इस बूथ पर पहले कुल 1163 मतदाता पंजीकृत थे। बीते दिनों चले सत्यापन अभियान के दौरान 94 मतदाताओं के नाम विभिन्न कारणों से सूची से हटा दिए गए। इनमें मृतक, स्थानांतरित या अपात्र पाए गए मतदाता शामिल बताए जा रहे हैं। इस संशोधन के बाद अब अंतिम सूची में कुल 1068 मतदाता शेष रह गए हैं।

# विजिलेंस टीम के छापे से उपभोक्ताओं में हड़कंप

- हरसिंहपुर गहलवार में लखनऊ से आई बिजली विभाग की टीम

संवाददाता, अमृतपुर

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर गहलवार में लखनऊ से आई बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को छापामार कार्रवाई करते हुए कई संदिग्ध घरों की जांच-पड़ताल की। इस कार्रवाई से पूरे गांव में हडक़ंप मच गया और ग्रामीणों में हलचल तेज हो गई।

जानकारी के अनुसार, टीम ने उन उपभोक्ताओं को चिन्हित किया जो अवैध तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे थे। जांच के दौरान सामने आया कि कुछ लोग बाईपास कनेक्शन के जरिए बिजली चोरी कर रहे थे, जबकि कई स्थानों पर एक ही कनेक्शन से दूसरे घरों में भी बिजली सप्लाई की जा रही थी। विजिलेंस टीम ने ऐसे उपभोक्ताओं के घरों पर छापा मारकर जांच की और आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान मौके पर राजेपुर व अमृतपुर के जेई सहित बिजली विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग अपने-अपने घरों के बाहर एकत्र हो गए। विभागीय अधिकारियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि किसी भी हाल में बिजली चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए जुर्माना और अन्य दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन के जरिए ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# परेशान युवक ने खाया जहर, मौत

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज में गुरुवार शाम परिजनों से मामूली कहासुनी के बाद एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार, नवाबगंज नगर का निवासी युवक रचित गुरुवार शाम अपने घर पर था। किसी बात को लेकर उसकी परिजनों से कहासुनी हो गई। विवाद बढने पर युवक ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर बाद युवक की तबीयत बिगडने लगी। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए नगर के एक निजी चिकित्सक के पास ले गये। शुक्रवार को उसकी मौत हो गयी। युवक की मौत से परिवार में शोक का माहौल है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई सूचना नहीं दी गई है।

# एसआईआर के बाद 1,78,995 वोटर कटे

## अब पूरे जिले में 10 लाख 50 हजार 636 मतदाता है जो लोकसभा और विधानसभा चुनाव में करेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** एसआईआर के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इसके अनुसार अब जिले में 10 लाख 50 हजार 636 मतदाता है, जो लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान करेंगे।

इसमें पहले की ही तरह पुरुष मतदाताओं की संख्या महिला मतदाताओं से ज्यादा है। जिले में कुल मिलाकर 5 लाख 75 हजार 840 पुरुष मतदाता है जबकि 4 लाख 74 हजार 477 महिला मतदाता है। इस तरह महिलाओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से लगभग 1 लाख कम है । एसआईआर के बाद जिले में थर्ड जेंडर की संख्या में भी कमी आई है । पहले इन मतदाताओं की संख्या 22 थी जो अब कम होकर 19 रह गई है। सदर विधानसभा क्षेत्र में कम होने वाले मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है।

- **महिलाओं की तुलना में पुरुष मतदाताओं की संख्या है अधिक**

एसआईआर के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है और जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की स्थिति क्या है यह भी स्पष्ट हो गया है। यह सामने आया है कि एसआईआर में इटावा सदर विधानसभा क्षेत्र में कम होने वाले मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। इटावा सदर विधानसभा सीट पर पहले की तुलना में एसआईआर के बाद 81342 मतदाता कम हुए हैं। अलग-अलग देखें तो पुरुष मतदाता अधिक संख्या में कम हुए। इटावा सदर विधानसभा सीट पर 41382 पुरुष मतदाता कम हुए हैं जबकि 39950 महिला मतदाता की संख्या में कमी आई है। जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या के मामले में पहले भी इटावा सदर में सबसे कम मतदाता थे और एसआईआर के बाद भी इटावा सदर विधानसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या सबसे कम है । अब प्रकाशित मतदाता सूची के मुताबिक सदर विधानसभा सीट पर कुल 337459 मतदाता है इनमें 172338 पुरुष और 155115 महिला मतदाता है। इसके साथ ही थर्ड जेंडर की छह मतदाता भी इटावा सदर विधानसभा सीट पर शामिल है। सदर विधानसभा क्षेत्र जिले की महत्वपूर्ण विधानसभा सीट माना जाता है यहां एसआईआर के काम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के साथ समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि लगातार सक्रिय रहे नोटिसों की सुनवाई के दौरान मतदान केंद्रों पर भी पार्टी के बूथ लेवल एजेंट और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ।

### जसवंत नगर में कम हुए 47194 मतदाता

■ **इटावा।** जिले की जसवंत नगर विधानसभा सीट को वीवीआईपी सीट माना जाता है और पूरे प्रदेश में इस सीट की चर्चा होती है। यहां लंबे अरसे से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव विधायक हैं। इससे पहले यहां सपा सुप्रीमो पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव विधायक रहे हैं। एसआईआर में जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 47 हजार 194 मतदाता कम हुए हैं इस सीट पर 26 हजार 592 महिला मतदाता और 20 हजार 580 पुरुष मतदाताओं की संख्या कम हुई है । वर्तमान में जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में कल 3 लाख 51 हजार 508 मतदाता है इनमें से 1 लाख 93 हजार 633 पुरुष और 1 लाख 57 हजार 814 महिला मतदाता है। एसआईआर के दौरान समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और बूथ लेवल एजेंट इस सीट पर सबसे ज्यादा सक्रिय रहे और लगातार मतदाताओं को जागरुक भी करते रहे।

### मतदाता संख्या के आधार पर भरथना विस क्षेत्र सबसे बड़ा

■ **इटावा।** एसआईआर में काफी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे भी गए हैं । इसके बाद भी जो स्थिति बनी है उसमें जिले की तीन विधानसभा सीटों में मतदाताओं की संख्या के आधार पर भरथना विधानसभा क्षेत्र सबसे बड़ा है। एसआईआर के बाद प्रकाशित की गई मतदाता सूची के हिसाब से भरथना सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में अब 3 लाख 61 हजार 669 मतदाता है। इसमें 1 लाख 99 हजार 819 पुरुष और 1 लाख 61 हजार 848 महिला मतदाता है। इसके साथ ही इस सीट पर दो थर्ड जेंडर के मतदाता भी शामिल है। एसआईआर में भरथना विधानसभा क्षेत्र से 50 हजार 469 मतदाताओं के नाम कम हुए हैं। इनमें 22 हजार 096 पुरुष मतदाता और 38 हजार 372 महिला मतदाता शामिल हैं।

## मजदूर ने फांसी लगा कर दी जान

**भरथना।** क्षेत्र के मुड़ेना समसपुर गांव में बृहस्पतिवार रात को एक युवक ने अपने घर के कमरे में जाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया।

बताया गया है कि उक्त गांव निवासी विमल कुमार (27) पुत्र करन सिंह शराब पीने का आदी था और घटना की रात भी शराब पीकर घर आया था। इसके बाद वह कमरे में चला गया । जहां उसने मच्छरदानी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। काफी देर तक कोई आहट न होने पर पत्नी और अन्य परिजन कमरे में पहुंचे तो विमल फंदे पर लटका मिला। यह देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक मजदूरी करने के साथ-साथ ऑटो चलाता था। वह अपने पीछे पत्नी संध्या, पांच वर्षीय बेटी अनन्या और दो साल के पुत्र अंश को रोता बिलखता छोड़ गया है। परिजन फिलहाल आत्महत्या की वजह नहीं बता सके।

## न्यूज ब्रीफ

### शिविर लगाकर की गई फार्मर रजिस्ट्री

**महेवा ।** विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत आनेपुर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया जिसमें फार्मर रजिस्ट्री से वंचित किसानों की मौके पर ही फॉर्मर रजिस्ट्री की गई । वही कैंप में पहुंचकर नोडल अधिकारी /बीडीओ महेवा बृज बिहारी त्रिपाठी ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले लाभों के बारे में बताया । बी डी ओ श्री त्रिपाठी ने मौजूद किसानों को बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री हर किसान को करानी है इसके न होने से किसान सम्मान निधि ,कृषि विभाग से मिलने वाली अन्य सुविधाओं से भी वंचित हो जायेंगे।

### गैंगेस्टर में दो को चार चार साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट मधु गुप्ता ने 18 साल पुराने गैंगेस्टर एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए दो लोगों को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें चार चार साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने दोनों पर पांच पांच हजार रुपया का जुर्माना लगाया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि एसओ बकेवर 30 अक्टूबर 2007 को अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी जानकारी मिली कि करन सिंह का एक संगठित गिरोह है। उसके गिरोह में जितेंद्र भी शामिल है। । समाज में इनका आतंक है। इस कारण से लोग कोई इनका विरोध नही करता। इस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय संजीव कुमार चतुर्वेदी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने दोनों को दोषी पाया और उन्हें चार चार साल की सजा व पांच पांच हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया।

### कांग्रेसियों ने असम के सीएम का पुतला फूंका

**इटावा।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के प्रति अमर्यादित टिप्पणी कर अपमान किया। उन्होंने कहा कि हिमंत सरमा की पत्नी के 3 पासपोर्ट रखने व अमेरिका में 56 हजार करोड़ से अधिक की अवैध कंपनी चलाने, व्यापक भ्रष्टाचार को उजागर करने पर गाली गलौज करने के विरोध में पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, प्रशांत तिवारी, वाचस्पति द्विवेदी, अंबुज त्रिपाठी, सचिन शंखवार, आसिफ जादरान, सरवर अली आदि ने पुतला दहन किया। पुलिस द्वारा पुतले को छीनने का प्रयास किया गया लेकिन कांग्रेसियों ने पुतला दहन कर दिया।

### ओवरलोड 9 ट्रक सीज

**कालपी जालौन ।** गुरुवार देर रात चले अभियान में पुलिस ने 9 ओवरलोड तथा बिना खनिज प्रपत्रों के ट्रक सीज किए है। क्षेत्र में खनिज के अवैध परिवहन का शायद शासन ने संज्ञान ले लिया है, जिसके चलते अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर ने इस गोरखधंधे पर लगाम लगाए जाने के निर्देश दिए है, जिसके लिए एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुआई में टीम का गठन किया गया है, जिसमें क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के अलावा ए आर टी ओ व खनिज विभाग के जिम्मेदारों को भी जिम्मेदारी दी गई है। इसी के चलते गुरुवार देररात एसडीएम की अगुआई में आटा थाना क्षेत्र में आकस्मिक चेकिंग शुरू की गई थी। इस दौरान टीम ने 9 ओवरलोड बालू भरे ट्रकों को पकड़ा है, जिनको पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है।

### परिवहन विभाग दर्ज करायेगा मुकदमा

**कालपी जालौन।** स्कूली बच्चों से भरे अनधिकृत वाहन के दुर्घटना ग्रस्त होने के मामले में कड़ी कार्यवाही हो सकती है। परिवहन विभाग वाहन चालक तथा विद्यालय संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करायेगा। गुरुवार दोपहर कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के अकबरपुर इटौरा में संचालित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के बच्चों को लेकर करमचन्द पुर गांव जा रही वैन अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे पलट गई थी जिसमे दुर्घटना के समय 11 बच्चों के साथ एक शिक्षिका भी सवार थी। स्कूल वाहन के दुर्घटना का शिकार होने की सूचना पर पुलिस के साथ एसडीएम मनोज कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए थे और दुर्घटना में घायल हुए आधा दर्जन बच्चों और शिक्षिका को मेडिकल कॉलेज भेजा था। बिना वैध परमिट के स्कूली बच्चों के परिवहन के मामले को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गम्भीरता से लिया है। उन्होंने इस मामले में विद्यालय संचालक के साथ दुर्घटनाकारी वाहन के मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराए जाने के निर्देश एआरटीओ को दिए है।

# सिपाही का मोबाइल लूटने में तीन को दस साल व दो को दो साल की सजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

- **तीन पर 31-31 हजार व दो पर दो दो हजार का जुर्माना भी लगाया**

**अमृत विचार ।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम अशोक कुमार दुबे ने एक साल पुराने सिपाही के साथ मारपीट धमकी व उसके पास से मोबाइल लूट ले जाने के मामले की सुनवाई करते हुए तीन को दस दस साल की सजा व 31- 31 हजार रुपया का जुर्माना व दो को दो दो साल की सजा व दो-दो हजार रुपया का जुर्माना लगाया है। जबकि एक आरोपी अभी फरार चल रहा है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि सहायक आयुक्त राज्यकर सचल दल सुनील ओझा ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह 2 फरवरी 2025 को अपनी टीम के साथ चेकिंग के लिये निकले थे । जब कामेत पुलिया के पास पहुंचे तभी एक डीसीएम आती दिखी उसमें लकड़ी भरी थी। जब उसे रोककर कागजात मांगे तो डीसीएम चालक कागजात नही दिखा सका। इस पर उसने सिपाही गोविंद सिंह को डीसीएम में बैठाकर उसे राज्य कर कार्यालय के लिए भेज दिया। तभी रास्ते में डीसीएम में सवार लोगों व उसके साथ कार में चल रहे लोगों ने सिपाही के साथ मारपीट की और कार में बैठा लिया। जहां उसका मोबाइल छीन लिया और जान से मारने की धमकी दी। बाद में उसे छोड़ दिया। तहरीर के आधार पर बढपुरा थाना पुलिस ने विकास कुशवाहापुत्र दयाराम निवासी उदी,विकास कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी कामेत, अंकुर पुत्र आनंद गुप्ता , शशांक उर्फ छोटू पुत्र शैलेंद्र कुमार पूठन अजय पुत्र धनी राम निवासी उदी रमन सिंह पुत्र शिवराज सिंह निवासी पुरा केशव सिंह बढपुरा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। बाद में पुलिस ने छानबीन के बाद सिपाही का मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने विकास कुशवाहा,अंकुर व शशांक उर्फ छोटू को दोषी पाए जाने पर दस दस साल की सजा व 31- 31 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा अजय व रमन को दो दो साल की सजा व दो हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जबकि विकास कुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह हाजिर नहीं हुआ।

## 50 दोपहिया वाहनों का चालान कर 20 वाहन किये सीज

**इटावा।** एएसपी ग्रामीण व सीओ भरथना के नेतृत्व में बकेवर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग में 50 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया जबकि 20 वाहनों को सीज किया।

शुक्रवार को बकेवर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । एसओ विपिन मलिक ने अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने, बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर 50 दोपहिया वाहनों का चालान किया। वैध कागजात प्रस्तुत न करने वाले 20 वाहनों को सीज किया गया। एएसपी ने लोगों से अपील की कि यातायात के नियमों का पालन कर हेलमेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें तथा वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज साथ रखें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित ग्राम नगला नवल में शुक्रवार सुबह एक 30 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है। प्रारंभिक चर्चा में घरेलू कलह की बात भी सामने आ रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

उक्त गांव निवासी रविद्र सिंह की पत्नी अर्चना (30) ने सुबह किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विकास अग्निहोत्री ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक के अनुसार मृतका के मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे प्रथम दृष्टया जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका जताई जा रही है। मृतका का पति रविंद्र यादव ट्रक चालक है और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं था। मृतका के परिवार में एक आठ वर्षीय पुत्र आरव है। उसका मायका थाना करहल क्षेत्र के भुजिया का पुल के पास ओबाली गाँव, जिला मैनपुरी में बताया गया है। सूचना पर उपनिरीक्षक मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



परिजनों से जानकारी करती पुलिस । अमृत विचार

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में गई जान

■ **इटावा।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत दतावली गांव के पास सड़क किनारे एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था मे पड़ी मिली जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान सोनम 35 वर्ष पत्नी धीरज निवासी नगला सारण थाना किशनी जनपद मैनपुरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला दतावली गांव के पास सड़क किनारे अचेत अवस्था मे पड़ी मिली थी। राहगीर प्रिंस कुमार ने मानवता दिखाते हुए अपनी बाइक से महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के समय महिला का 12 वर्षीय बेटा भी मौके पर मौजूद था जिसे फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस अपने साथ पूछताछ के लिए ले गई है।

## सीडीओ ने किया ताखा ब्लॉक का निरीक्षण

संवाददाता ताखा इटावा

- **अनियमितताएं मिलने पर जताई नाराजगी, एडीओ पंचायत को लगाई फटकार**

**अमृत विचार ।** ब्लॉक मुख्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की कार्य प्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगायी।

ब्लॉक मुख्यालय के निरीक्षण के दौरान सीडीओ को सफाईकर्मी फैमिली आईडी पटल पर बैठा मिला। जब उन्होंने उससे पूछा कि वह कौन सा कार्य देख रहा है, तो सफाईकर्मी ने बताया कि उसे वहां बैठाया गया है। इस पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए एडीओ पंचायत भगवान दास को कड़ी चेतावनी दी और उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कंप्यूटर ऑपरेटर नितिन को तलब किया और निर्देश दिया कि यदि वह प्रतिदिन 10 फैमिली आईडी तैयार नहीं करता है, तो उसका वेतन भी रोका जाएगा। लेखागार कार्यालय के रजिस्टरों में भी त्रुटियां मिलने पर संबंधित कर्मचारियों को सुधार के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने क्षेत्र पंचायत के विकास कार्यों के टेंडर एक माह के जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि टेंडर प्रक्रिया में आवश्यक नियम होना चाहिए। बाल विकास परियोजना कार्यालय के निरीक्षण में सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। इस दौरान सीडीपीओ लतिका सिंह ने जेई नवीन कुमार की शिकायत करते हुए बताया कि कार्यालय में टूट-फूट होने पर समय से मरम्मत कार्य नहीं कराया जाता है। इस पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई।

# स्कूलों से चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** थाना सिविल लाइन पुलिस व एसओजी टीम ने मुखबिर की सूचना पर लायन सफारी के पास से चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों के पास से स्कूलों से चोरी किया गया भारी मात्रा में सामान बरामद हुआ है। एसएसपी ने चोरों को पकड़ने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया है।

एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि काफी समय से स्कूलों से चोरियां हो रही थी। इस पर पुलिस के साथ एसओजी टीम को लगाया गया था। टीमें जब भ्रमण पर थी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि लायन सफारी के पास एक निर्माणाधीन मकान में कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे हैं । इस सूचना पर पुलिस ने छापा मारा और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम मोनू पुत्र रमेश , प्रदीप कुमार उर्फ सन्दीप पुत्र सुरेन्द्र सिंह, मनीष पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासीगण तुरैया भरथना, देव कुमार पुत्र ईश्वर दयाल निवासी बेरीखेड़ा थाना बकेवर बताया। पुलिस को उनके कब्जे में भारी मात्रा में स्कूलों से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होंने पूरे जिले के कई स्कूलों से चोरी की बात स्वीकार की। चोरी करने के उपरान्त ई-रिक्शा व मोटर साइकिल से सामान को ले जाकर अपने साथी के घर रखते थे जिससे ज्यादा सामान एकत्र हो जाने पर एक साथ बेच कर लाभ अर्जित कर बांट लेते थे। चोरों के पास से चोरी के सामान के अलावा एक तमंचा, कारतूस,छुरा व तलवार बरामद हुई है।



पकड़े गए चोरों के साथ पुलिस व जानकारी देते एसएसपी। अमृत विचार

- **चोरी का सामान तमंचा और कारतूस भी हुए बरामद**

## समाजसेवा का दायित्व समर्पण के साथ निभाएं

संवाददाता भरथना इटावा

- **भारत विकास परिषद की तुलसी शाखा की बैठक संपंन**

**अमृत विचार ।** भारत विकास परिषद की तुलसी शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक तुलसी शाखा की कोषाध्यक्ष मौसमी के निवास पर हुई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी के दायित्व ग्रहण समारोह के आयोजन को लेकर विस्तृत एवं गहन चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि दायित्व ग्रहण समारोह आगामी 2 मई को आयोजित किया जाएगा। साथ ही अगले वर्ष के लिए अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सचिव पदों का चुनाव भी सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया है। यह भी तय किया गया कि दायित्व ग्रहण कार्यक्रम के दिन ही आगामी वर्ष में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। तुलसी शाखा के अध्यक्ष डॉ. कैलाश यादव ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजसेवा के दायित्व को हमें पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाना चाहिए तथा समान विचारधारा वाले व्यक्तियों को जोड़कर संगठन को और सशक्त बनाना चाहिए। सचिव डॉ. ध्रुव कुमार गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रांतीय महिला सदस्य नीलिमा चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए परिषद की नीतियों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

**अग्निकांड** समय से पहुंचती फायर ब्रिगेड की टीम तो कम होता नुकसान

# बिजली की चिंगारी से लगी आग से गृहस्थी राख

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार ।** गुरुवार रात क्षेत्र के ग्राम मंगरौल में घर के ऊपर से निकली एलटी लाईन से निकली चिंगारी से आग लग गयी। सूचना के बाद भी अग्निशमन दल देर से पहुंचा तब तक पीड़ित की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो चुकी थी।

महेवा ब्लॉक क्षेत्र में विद्युत की वजह से आग लगने की घटनाओं का सिलसिला जारी है। गुरुवार दोपहर बैरई गांव में गेहूं के खेत मे आग लग गयी थी हालांकि नुकसान ज्यादा होता उससे पहले ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था, लेकिन गुरुवार देरशाम फिर इसी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मंगरौल में घर के ऊपर से निकली एल टी लाईन में फाल्ट होने से छत में रखे ईधन में आग लग गयी थी और जब तक गृहस्वामी को पता चलता तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। हालांकि घर से लपटे उठती देख ग्रामीणों ने अग्निशमन दल को सूचित कर आग को बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए थे लेकिन आग ने पूरे घर को आगोश मे ले लिया था , जब तक अग्निशमन दल मौके पर आता तब तक गृहस्थी पूरी तरह से जल कर खाक हो चुकी थी। अग्निकांड का शिकार हुए मईया दीन के अनुसार लगभग 9 बजे अचानक आग भड़क गयी थी जिससे उसको सामान निकालने का भी मौका नहीं मिला था । देखते ही देखते उसकी गृहस्थी खाक हो गई। उन्होंने बताया कि अगर अग्निशमन दल जल्दी आ जाता तो उसका नुकसान कम हो सकता था। ग्रामीण श्री पाल, रामदास, सुधाकर अनूप आदि के अनुसार ग्रामीण अगर सक्रिय न होते तो आग अन्य घरों को भी चपेट में ले सकती थी ।



धू-धूकर जलती आग। अमृत विचार

### शोरूम में आग से जला सामान

■ **जालौन।** कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला दबगरान निवासी मोहम्मद इदरीश का तहसील के पास इनवर्टर व बैट्री का प्रिंस बैट्री के नाम से शोरूम है। गुरुवार की रात करीब नौ बजे वह शोरुम बंद करके अपने घर चले चले गए थे। रात करीब तीन बजे उनके एक परिचित ने उन्हें मोबाइल पर सूचना दी कि उनके शोरूम में आग लगी है । आग लगने की खबर लगते ही वह व आसपास के लोग शोरूम पर पहुंच गए और तत्काल दमकल को सूचना दी। मौजूद लोग शोरूम के ताले खोलकर शटर खोलने का प्रयास करने लगे। शटर गर्म होने के कारण वह शटर नहीं खोल पाए । मौके पर पहुंची दमकल ने तकरीबन दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से शोरूम में रखा लगभग 25 लाख कीमत की बैट्री, इनवर्टर, केबिल, इनवर्टर के मरम्मत का सामान, फर्नीचर व कम्प्यूटर आदि जलकर राख हो गए। शोरूम संचालक ने बताया कि उनकी दुकान में बिजली का कनेक्शन नहीं है सोलर इंवर्टर से ही काम चलता था।

# विशाल भंडारे में भक्तों ने छका प्रसाद

संवाददाता कालपी जालौन

- **छग्गे आश्रम हनुमान मंदिर में हुआ आयोजन**

**अमृत विचार ।** श्रीबालाजी हनुमत यज्ञ व शिव महापुराण सन्त समाज की मौजूदगी में पूर्ण आहुति के साथ सम्पन्न हुआ। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक ने भण्डारा में पहुंचकर श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसाद वितरण करते हुये लोक कल्याण की कामना की।

नगर के प्राचीन छग्गे आश्रम हनुमान मन्दिर में चल रहे श्रीबालाजी हनुमत यज्ञ व शिव पुराण के समापन के उपरान्त मन्दिर पुजारी राम संजीवन व मुनीश्वरान्द महाराज की मौजूदगी में दण्डी स्वामी कथा व्यास श्री भूताघुदितानन्द महाराज, श्री श्री 1008 राम करन दास जी महाराज, श्री सिध्धन महाराज, श्री जमुनादास जी महाराज समेत बड़ी संख्या में संत समाज की मौजूदगी में यज्ञ अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने यज्ञ स्थल पर पहुंचकर मन्दिर के विकास के लिये दी गई बाउंड्री वाल का निर्माण कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने भण्डारा प्रसाद ग्रहण करने से पूर्व भण्डारा स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं को भण्डारा प्रसाद वितरण किया। इस दौरान शिव बालक सिंह यादव, राजू पाठक, शिव कुमार कनौडिया, हर्षित खन्ना, पवनदीप निषाद, दिग्विजय सिंह, सौरभ शर्मा, शिव शंकर साहू, ऊषा शुक्ला, अनसुईया मिश्रा, दाऊ करतलापुर आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे तथा भण्डारा दोपहर से देर रात्रि तक चलता रहा।

## बारिश से नष्ट फसलों के लिये मुआवजे की मांग

**जालौन।** ओलावृष्टि व बारिश के चलते किसानों की नष्ट हुई फसलों का मुआवजा दिलाने के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने उन्हें मुआवजा दिलाने की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष राजाभइया दोहरे, अनिल यादव, गोल्डी अवस्थी, भगवतशरण शांडिल्य, फूल सिंह, अरविंद, डॉ. नरेंद्र शर्मा, प्रदुम्न दीक्षित, ओमनारायण, रामसिया देवी, अशोक दोहरे, सुधीर द्विवेदी, चंद्रशेखर वर्मा आदि ने एसडीएम हेमंत पटेल को ज्ञापन सौंपकर बताया कि दैवीय आपदा के चलते किसानों की कमर टूट चुकी है। खेतों में खड़ी फसलें नष्ट हो गई हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि किसानों को 17000 रुपये प्रति हेक्टेयर का मुआवजा नाकाफी है। किसानों को कम से कम 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर का मुआवजा दिया जाए।

# तीन विधानसभाओं की निर्वाचन सूची से 1.11 नाम कटे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जनपद के अंतर्गत आने वाली विधानसभा- 202 बिधूना, 203 दिबियापुर, 204 औरैया की निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के उपरांत कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में दो-दो प्रतियां उपलब्ध कराई तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के संबंध में की गई कार्यवाहियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी राजनीतिक दलों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान किए गए सहयोग पर धन्यवाद दिया। कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा अपने-अपने बीएलए के माध्यम से निर्वाचक नामावली को त्रुटिविहीन बनाने में प्रशासन का भरपूर सहयोग किया है।

जिला मजिस्ट्रेट डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से पूर्व जनपद में कुल 10 लाख 28 हजार 685 मतदाता थे। जिन्हें बीएलओ के माध्यम से घर-घर गणना प्रपत्रों का वितरण कराया गया तत्पश्चात 8 लाख 70 हजार 630 मतदाताओं द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ गणना प्रपत्र संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों को वापस किए थे इस क्रिया के उपरांत 1 लाख 58 हजार 55 मतदाता मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट के रूप में चिह्नित किए गए जिनके प्रपत्र संकलन हेतु नोटिस जारी किए गए जिन्हें नोटिस निर्गत कर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु नियत तिथि व स्थान पर बुलाकर प्रयास किया गया। अधिकतम मतदाताओं के प्रपत्र संकलित किये जा सके। इस कार्य हेतु ग्राम स्तर पर कार्यरत प्राथमिक स्कूलों के अध्यापक, राशन वितरक, रोजगार सेवक आदि को लगाया गया तथा बीएलए का भी सहयोग लिया गया।उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान कुल 52 हजार 775 फार्म- 6 प्राप्त हुए जिनमें से 35 फार्म अस्वीकृत तथा 52 हजार 740 फार्म स्वीकृत किए गए। इस प्रकार निर्वाचक नामावली से नाम विलोपित कराए जाने हेतु 7 हजार 961 फार्म- 7 प्राप्त हुए जिसमें 124 फार्म अस्वीकृत और 7 हजार 837 फार्म स्वीकृत कर निर्वाचक नामावली से नाम विलोपित किए गए।

साथ ही संशोधन हेतु 14 हजार 976 मतदाताओं द्वारा फार्म- 8 उपलब्ध कराए गए। जिनमें से 202 फार्म अस्वीकृत एवं 14 हजार 774 फार्म स्वीकृत करते हुए संशोधन की क्रिया पूर्ण की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्राप्त दावे व आपत्तियों के निस्तारण करने के उपरान्त अंतिम प्रकाशन के समय जनपद में कुल 9 लाख 17 हजार 201 मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हैं। इसमें 5 लाख 10 हजार 161 पुरुष, 4 लाख 6 हजार 512 महिला तथा 28 थर्ड जेंडर है। उन्होंने विधान सभावार विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 202- विधानसभा बिधूना में 1 लाख 87 हजार 559 पुरुष, 1 लाख 48 हजार 49 महिला, 19 थर्ड जेंडर, इस प्रकार विधानसभा 202 विधूना में 3 लाख 35 हजार 627 मतदाता निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हैं।


बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

- **सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को प्रतियां कराई उपलब्ध**

## दिबियापुर में 2.94 हजार मतदाता

विधानसभा 203- दिबियापुर में 2 लाख 94 हजार 118 कुल मतदाता निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हैं। जिसमें 1 लाख 63 हजार 787 पुरुष, 1 लाख 30 हजार 323 महिला तथा 05 थर्ड जेंडर और 204- विधानसभा औरैया में कुल 2 लाख 87 हजार 456 मतदाता हैं जिनमें 1 लाख 59 हजार 315 पुरुष, 1 लाख 28 हजार 137 महिला, 04 थर्ड जेंडर हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्रकाशित निर्वाचक नामावली में 18 वर्ष से 19 वर्ष के 12 हजार 511, 100 वर्ष से अधिक 66 तथा 30 से 39 वर्ष के सर्वाधिक 2 लाख 33 हजार 750 मतदाता निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हैं। विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन से पूर्व मतदेय स्थलों का संभाजन किया। इसमें 202- बिधूना में 471, 203- दिबियापुर में 410 एवं 204- औरैया विधान सभा में 419 मतदेय स्थल इस प्रकार जनपद में कुल 1300 मतदेय स्थल हो गए हैं। इस प्रकार जनपद में कुल 61 मतदेय स्थलों की वृद्धि हो गई है। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम, भाजपा जिला महामंत्री मनू राजपूत, बसपा जिला अध्यक्ष शैलेंद्र दोहरे, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय, जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष सरिता दोहरे, सीपीआईएम जिला कमेटी सदस्य हरिश्चन्द्र गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश चन्द्र मौर्य, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रावेन्द्र सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## बीएससी छात्र की मौत, गांव में शोक

**कुदरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मानिकोठी के मजरा पटियायत में एक बीएससी छात्र की अचानक मौत हो गई। इससे गांव में शोक की लहर है। गांव निवासी दिलीप कमल का 22 वर्षीय पुत्र सजल कन्नौज के छिबरामऊ में अपनी ननिहाल में रहकर स्नातक की पढ़ाई कर रहा था।

जानकारी के अनुसार, सजल की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन कुछ समझ पाते और उसे उचित इलाज के लिए ले जा पाते, उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि युवक की मौत हृदय गति रुकने के कारण हुई है। हालांकि, अचानक हुई इस घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घर में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## न्यूज ब्रीफ

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**बेला, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव राठौरी स्थित सती शारदा मां दरबार में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद कल्पद्रुम परमहंस भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से गणेश पूजन के साथ की गई। जिसके बाद महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गांव में शोभायात्रा निकाली ।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया ।इसके बाद कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कथा का विधिवत प्रारम्भ कराया गया। कथा वाचक पं. गोविंद दुबे द्वारा श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। उन्होंने प्रथम दिन कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया ।आयोजक मंजू देवी (मधु) व राजीव पाल ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल, कानपुर रेफर

**फफूंद (औरैया)।** दिबियापुर-फफूंद मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए कानपुर भेजा। जानकारी के अनुसार, ऊंचा टीला फफूंद निवासी जगमोहन राजपूत अपने बहनोई रामशंकर निवासी उदई का पुरवा के साथ बुलेट बाइक से दिबियापुर जा रहे थे। जैसे ही वे दिबियापुर-फफूंद मार्ग पर पहले बंबे के पास पहुंचे, सामने से आ रहे ऑटो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कानपुर ले गए।

### पत्थर फेंके जाने की घटना के बाद अलर्ट हुआ प्रशासन

**अछल्दा (औरैया)।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने की घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने शुक्रवार को अछल्दा रेलवे स्टेशन के घसारा-अछल्दा रेलखंड के आसपास जागरूकता अभियान चलाया। आरपीएफ के एएसआई दिनेश सिंह सिकरवार, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार पांडेय और कांस्टेबल जितेंद्र यादव ने रेलवे लाइन किनारे बने मकानों के मालिकों व स्थानीय लोगों से बातचीत की। आरपीएफ टीम ने लोगों को बताया कि चलती ट्रेनों पर पत्थर फेंकना गंभीर अपराध है, जिससे यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती है। ऐसी घटनाओं से ट्रेन सेवाएं प्रभावित होने के साथ रेलवे संपत्ति को भी नुकसान पहुंचता है। अधिकारियों ने समझाया कि यदि किसी को संदिग्ध व्यक्ति रेलवे ट्रैक के आसपास घूमता दिखे या कोई शरारती गतिविधि नजर आए, तो तत्काल रेलवे पुलिस या आरपीएफ को सूचना दें। टीम ने लोगों से अपने बच्चों पर विशेष नजर रखने और उन्हें रेलवे ट्रैक के पास खेलने या शरारत करने से रोकने की अपील की। आरपीएफ ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# जेई व लाइनमैन रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## मंदिर के ऊपर से विद्युत लाइन को हटवाने के एवज में मांगे थे 50 हजार

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के एक अवर अभियंता (जेई) और एक लाइनमैन को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार दोपहर फफूंद केशमपुर सब स्टेशन पर की गई, जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया।

एंटी करप्शन टीम दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए सदर कोतवाली ले गई। पुलिस के अनुसार, इन पर एक उपभोक्ता से काम के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की और बताया कि मामले की जांच जारी है।शिकायतकर्ता दीपक बाबू पुत्र वीरेंद्र कुमार, जो सेहदपुर फफूंद गांव के निवासी हैं और दिल्ली-एनसीआर में फूड विभाग में ऑडिटर के पद पर कार्यरत हैं, बताया कि उनके गांव में एक मंदिर का निर्माण हो रहा है। मंदिर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी, जिसे सुरक्षा की दृष्टि से हटवाने के लिए उन्होंने आवेदन किया था। इसके लिए उनसे 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी, जिसमें से 11 हजार रुपये बतौर अग्रिम शुक्रवार को दिए जाने थे। दीपक बाबू ने रिश्वत मांगे जाने की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो लखनऊ में दर्ज कराई थी।

ब्यूरो की टीम ने लाइनमैन लल्लन कुशवाहा और जेई अजय कुमार पांडेय को 11 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। गिरफ्तार किए गए जेई अजय कुमार पांडेय (30) बनारस के निवासी हैं, जबकि लाइनमैन लल्लन कुशवाहा (25 वर्ष) केशमपुर, फफूंद का रहने वाला है।


उपकेंद्र के बाहर चर्चा करते कार्मिक।

## दहेज उत्पीड़न और जबरन गर्भपात का लगाया आरोप

**कुदरकोट, औरैया।** कुदरकोट थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर धोखाधड़ी से शादी करने, दहेज की भारी मांग, शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न तथा जहर देकर जबरन गर्भपात कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित ज्योति 32 वर्ष निवासी ग्राम गोपियापुर ने महिला थाना ककोर में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसका विवाह 13 अप्रैल 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से जनपद कन्नौज के सकरावा थाना क्षेत्र के गांव नगरिया सुख निवासी स्व. भजन लाल के पुत्र विकेश यादव के साथ हुआ था। विवाह बिचौलिये विनोद यादव कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव आरमपुरा के माध्यम से तय हुआ था। शादी के बाद से उसे ससुरालीजनों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसका जबरन गर्भपात भी करवा दिया।


सपा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

## सपा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

संवाददाता,रामगढ़ /बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा रामगढ़ में समाजवादी पार्टी (सपा) महिला प्रकोष्ठ (महिला सभा) की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रुक्मिणी देवी निषाद के कस्बा रामगढ़ में पहली बार आगमन पर सपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर जोरदार स्वागत किया। सपा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष जनपद भ्रमण के दौरान जिले के रामगढ़ कस्बे में पहुंचने की खबर जैसे ही सपा कार्यकर्ताओं को लगी तो भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता एकत्रित हो गए और उनका माल्यार्पण कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उमाशंकर कोरी पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत अछल्दा प्रथम, राकेश राजपूत,अरुण राजपूत, सुनील यादव, रवि कौशिक, अखिलेश, दीपक दुबे, डा चंद्रशेखर राठौर, रजपाल दोहरे, सुनील यादव, मुस्कान राठौर, शीलू यादव आदि मौजूद रहे।

### सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो वायरल, मांगी माफी

**बेला, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक लड़की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर गुरुवार को एक आपत्तिजनक वीडियो डाला। जिसमें उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री की फोटो लगाकर वीडियो बनाया गया ।शुक्रवार सुबह से ही वीडियो तेजी से वायरल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने उसके घर जाकर वीडियो डिलीट कर दिया। वहीं लड़की व उसके माता पिता द्वारा माफी मांगने का वीडियो भी उसी अकाउंट से डलवाया। लेकिन कुछ घंटों बाद अकाउंट से माफी के वीडियो भी डिलीट कर दिये गये। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है की लड़की नाबालिग है उसने मांफी मांगते हुए कहा है कि आगे से ऐसी गलती नहीं होगी।

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर( हमीरपुर) उत्तर प्रदेश**

वैवाहिक वाद संख्या 475 सन 2024

**रोयल साहब विक्टोरिया उर्फ अजय उम्र करीब 36 वर्ष पुत्र शिव कुमार विक्टोरिया निवासी मुहल्ला रमेडी चौराहा गौशाला के पास हमीरपुर, थाना कोतवाली नगर, शहर व जिला हमीरपुर उ0प्र0** –वादी

बनाम

**श्रीमती लकी वाल्मीकि उम्र लगभग 31 वर्ष पत्नी रोयल साहब विक्टोरिया उर्फ अजय पुत्री श्री गुन्नूलाल निवासिनी मकान नं.11 नार्दन लोगो रेलवे कालोनी, कच्ची झोपडी थाना रेल बाजार कानपुर नगर, वर्तमान पता श्याम नगर, रामपुरम, सिन्हा ट्रेडर्स के पास थाना चकेरी, कानपुर, जनपद कानपुर नगर उ0प्र0 । –विपक्षी**

चूंकि उपरोक्त नामांकित रोयल साहब विक्टोरिया उर्फ अजय ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा–13 हिन्दू विवाह अधिनियम विवाह विच्छेद कराने हेतु अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 12–05–2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यककोण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 09–04–2026 के दिवस को निकाली गई है।

**अदालत मुहर**
**आज्ञा से- मुंसरिम**
**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर ( उत्तर प्रदेश)**

## सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत, गांवों में पसरा मातम

संवाददाता, रुरुगंज, औरैया

**अमृत विचार।** हरियाणा के वेस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार शाम करीब 8 बजे हुए एक भीषण सड़क हादसे में औरैया व इटावा जनपद के दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक आपस में जीजा-साले थे और मानेसर से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, बिधूना कोतवाली क्षेत्र के रुरुगंज पुलिस चौकी अंतर्गत गांव सरायमहाजनान निवासी संजय दीक्षित के 26 वर्षीय पुत्र ललित दीक्षित तथा उनके जीजा इटावा जनपद के महेवा थाना क्षेत्र के गांव मेहंदीपुर निवासी श्रीपतनारायण दुवे के 26 वर्षीय पुत्र दीपक दुबे कुछ दिन पहले ही मानेसर अपने साले के पास गए हुए थे। बताया जा रहा है कि ललित दीक्षित हरियाणा के मानेसर में रहकर ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो में कार्यरत थे। दीपक दुबे अपने साले ललित के पास दवा लेने के सिलसिले में मानेसर पहुंचे थे। गुरुवार को दोनों युवक बाइक से अपने-अपने गांव लौटने के लिए निकले थे। जैसे ही वे वेस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर पलवल क्षेत्र के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही हरियाणा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## शिव महापुराण की कथा का समापन

**फफूंद, औरैया।** कस्बे के मोहल्ला तिवारियान स्थित दया लक्ष्मी मन्दिर परिसर में महाशिव पुराण कथा का गुरुवार को समापन हो गया। कथा के दौरान देवी पार्वती के भवन निर्माण के हट की कथा पं. सुशील कुमार दीक्षित ने सुनाई। कहा एक बार माता पार्वती ने भोले बाबा से कहाकि प्रभु आप हमारे लिए घर बनवा दें। भगवान शिव ने सोचा देवी पार्वती हट कर रही हैं अब मानने वाली नहीं है। इस पर उन्होंने सोने के मकान का निर्माण करा दिया। जब महल बनकर तैयार हो गया तो गृह प्रवेश का समय आया शिवजी ने गृह प्रवेश के लिए ब्राह्मण बुलाने के लिए गणों को भेजा। उस समय रावण से विद्वान कोई ब्राह्मण नहीं था अतः गृह प्रवेश के लिए रावण को बुलवाया गया। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद दक्षिणा का समय आया तो भगवान शिव ने रावण से दक्षिणा मांगने के लिए कहा तो रावण ने सोने के भवन को मांग लिया।

## सालों से पानी नहीं मिला मांग रहे बिल

संवाददाता, बेला, औरैया

**अमृत विचार।** विकासखंड बिधूना की ग्राम पंचायत बेला में लगभग 20 साल पहले बनी पानी की टंकी की हालात आजतक नहीं सुधरी है। ग्रामीणों के मुताबिक हर वर्ष टंकी के मैंटीनेन्स के नाम पर लाखों रुपये निकाले जाते है जबकि ग्रामीणों को पानी नहीं मिलता है। लगभग दो साल पहले कई शिकायतों के बाद पानी चालू कराया गया था जो सिर्फ 15 दिन हीं उपलब्ध हो सका फिर वहीं डर्रा चलने लगा। जब टंकी में ही पानी नहीं है तो ग्रामीणों को क्या मिलेगा। पाइप लाइन में कई जगह लीकेज भी हैं। दो साल पहले ग्राम पंचायत के मजरा दहनानांग में एक नयी पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। जिससे पंचायत की आधी आबादी को तो पानी मिल रहा है लेकिन आधी आबादी को पानी ही नहीं मिल रहा है। इससे नाराज कुछ ग्रामीण शुक्रवार को पानी की टंकी परिसर में पहुंचे और बताया की ग्राम पंचायत सचिव द्वारा बिल मांगा जा रहा है जबकि हम लोगों को न तो पानी मिलता है और टोंटी भी गायब हो चुकी है। इस मौके पर रामप्रताप, राजबहादुर, अजब सिंह, जुलेखा, कुसमा देवी, रामप्रकाश, अनीता देवी, महेश, तिवारी, सोनी चौहान, सुमन चौहान, पपू शर्मा, शीटू शर्मा, राजू, विपिन, सुरेन्द्र कुमार, रामनाथ, सत्यभान, प्रांशु, रतिराम, मनमोहन, सीलमती, किरन आदि ने विरोध प्रदर्शन किया।


विरोध-प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

कार्यक्रम

प्राथमिक विद्यालय तिलकपुर में हुआ कार्यक्रम, शिक्षा के साथ संस्कार पर दिया बल

# वार्षिकोत्सव में जमकर थिरके विद्यार्थी, मेधावी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय तिलकपुर में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, एकांकी, कविता पाठ एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान रहा। एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भानू यादव ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास भी आवश्यक है। ऐसे मंच बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान प्रधानाध्यापक रामरूप ने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी उपस्थित अभिभावकों के सामने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक शिवेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रामरूप भारती सहायक अध्यापक राममोहन पाण्डेय, शिवेंद्र सिंह, कदीर अहमद, कृति गर्ग, ज्योति कुशवाह (सअ), पुष्पेंद्र, शिक्षा मित्र सुभाष चंद्र, नीलम संध्या, एसएमसी अध्यक्ष अरविन्द कुमार, जगमोहन यादव, मोहित यादव आदि रहे।



शील्ड के साथ मेधावी बच्चे। अमृत विचार

**CARBON SPECIALITIES LIMITED**
CIN: L65929UP1985PLC111401
REGD OFF: 7/181 A, Duplex Bunglow Unit No. 4, Swaroop Nagar, Kanpur-208002 (UP)
Email: carbonspecialities85@gmail.com Contact: +91-9838823600 Website: http://carbon.in.net/

**NOTICE TO SHAREHOLDER**

Pursuant to the provisions of Section 110 of the Companies Act, 2013 read with rule 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 approval of the shareholders were sought by the mean of Postal Ballot (in Physical & Electronic Form) for delisting of the Equity Shares of the Company from the Calcutta Stock Exchange Limited in terms of Security and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2021 and considering amendments as and when made. As specified in the Postal Ballot Notice dated 23RD February, 2026 read with the Special Resolution and Explanatory Statement attached thereto.

The Director of the Company has announced the results of the Postal Ballot process on the basis of the report dated 09TH April, 2026 submitted by the Scrutinizer CS Mohammad Tausif of Tausif & Associates appointed in accordance with the provisions of the Companies Act, 2013.

Details of the Postal Ballot received in Physical & Electronic mode and the results are as follows:

| Sl. No. | Particulars | No. of Shares | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Promoters | Public | Total |
| A | Postal Ballot with ASSENT – Physical | 00 | 00 | 00 |
| B | Postal Ballot with ASSENT – Electronic | 4706780 | 849860 | 5556640 |
| A+B | Total Postal Ballot with **ASSENT** in physical and electronic mode | 4706780 | 849860 | 5556640 |
| C | Postal Ballot with DISSENT – Physical | NIL | NIL | NIL |
| D | Postal Ballot with DISSENT – Electronic | NIL | NIL | NIL |
| C+D | Total Postal Ballot with DISSENT in physical and electronic mode | NIL | NIL | NIL |

Note: The terms "Public Shareholders" and "Promoter Shareholders" have the same meaning as assigned to them under Securities and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2021.

Accordingly, the Special Resolution as set out in the Notice dated 23RD February,2026 was declared as Carried Unanimously.

By order of the Board of Directors
**Carbon Specialities Limited**
**Sd/-**
**Prabha Kaya**
Managing Director

**Place: Kanpur**
**Date: 10.04.2026**

न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर घायल

**मौदहा।** बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम लदार निवासी दिनेश (35) पुत्र प्रहलाद गुरुवार शाम बाइक से अपने गांव जा रहे थे। बसवारी मार्ग पर ग्राम रमना के पास अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह गिरकर घायल हो गए। सुमेरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम इंगोहटा निवासी राजू (32) पुत्र उदय पाल अपने ही गांव में एक बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। इसी प्रकार लखीमपुर खीरी निवासी बिलाल खान (25) पुत्र लकी खान हाईवे पर हुए एक हादसे में घायल हो गए। अस्पताल में भर्ती तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार जारी है। सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### अधिवक्ता संघ ने दिया सांसद को ज्ञापन

**हमीरपुर।** जिला अधिवक्ता संघ ने सांसद अजेंद्र सिंह लोधी को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री अश्वनी कुमार प्रजापति ने बताया कि शुक्रवार को सांसद अजेंद्र सिंह लोधी को अधिवक्ताओं की ओर से एक ज्ञापन दिया गया है, जिसमें पुस्तकालय भवन के निर्माण के साथ उसकी साज-सज्जा कराने, कंप्यूटर कक्ष, अधिवक्ताओं के लिए चैंबर का निर्माण कराने, अधिवक्ता भवन में दो वाटर कूलर लगवाने और 100 कुर्सियों की व्यवस्था करवाने की मांग की गई है।

### घर में घुसे और चना व धान चुरा ले गए चोर

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना के सायर गांव निवासी चंदवदिया प्रजापति अपने घर के दरवाजा का ताला बंद कर एक सप्ताह के लिए बाहर रिश्तेदारी में चली गई थी। मौका पाकर पड़ोस के तीन युवक उसके घर के अंदर घुसकर 20 किलो चना, एक बोरी धान को अपने साथ ले गए। महिला के वापस घर में आने पर चना व धान को गायब पाकर जानकारी की तो पता चला कि गांव के ही तीन युवक उसके यहां चोरी कर ले गए। इस पर तीनों युवकों से उलाहना देने पर अभद्रता करते हुए मारपीट करने के लिए आमादा हो गए। महिला ने तीनों युवक कुक्कू वर्मा, सचिन प्रजापति व करिया वर्मा के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि तीनों युवकों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### नकदी-जेवर लेकर किशोरी घर से भागी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गांव से नाबालिग किशोरी घर पर रखी नगदी एवं जेवरात लेकर अपने पुरुष मित्र संग फरार हो गई। किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफ पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। एक गांव निवासी पिता ने बताया कि ललपुरा थानाक्षेत्र के परसनी गांव निवासी अभिषेक उसकी नाबालिग पुत्री को घर से बहला फुसलाकर साथ भगा ले गया है। पुत्री घर में रखे 30 हजार नगदी एवं 70 हजार कीमत के जेवरात साथ ले गई है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### दहेज उत्पीड़न में मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गुढ़ा गांव की महिला ने ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। गुढ़ा गांव निवासी आशना ने बताया कि उसकी शादी 2021 में मुंडेरा निवासी रोहित के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति रोहित शराब पीकर उसे प्रताड़ित करने लगा और दहेज में चार पहिया वाहन के साथ 3 लाख के अतिरिक्त मांग करके आए दिन मारपीट करने लगा और जान से मार देने की धमकी देने लगा। पति के इस कृत्य में सास कमलेश, ससुर परशुराम, देवर मोहित भी सहयोग करते रहे। थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति रोहित, सास कमलेश, ससुर परशुराम, देवर मोहित के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी करने का प्रयास

**कुरारा।** क्षेत्र के बेरी गांव में दिनदहाड़े ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी हो गई। पीड़ित द्वारा खोजने पर मौरंग खदान की तरफ दो युवकों द्वारा ले जाते हुए पकड़ा और आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। क्षेत्र के बेरी गांव निवासी किसान बद्री सिंह ने बताया की शुक्रवार को दोपहर में अचानक ट्रैक्टर ट्राली चोरी हो गई। जिस पर खोजा तो जानकारी मिली की मौरंग खदान की तरफ कोई ट्राली लिए जा रहा है। तुरंत मौके पर पहुंचा और ट्रॉली सहित आरोपी को पकड़ लिया। किसान ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

# जुलूस-प्रदर्शन के साथ मांगा बर्बाद फसलों का मुआवजा

## समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राठ में प्रदर्शन कर किसानों की आवाज उठाई

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- किसानों ने गल्ला मंडी से एसडीएम कोर्ट तक किया पैदल मार्च
- प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

**अमृत विचार।** पिछले दिनों क्षेत्र में आंधी-पानी के साथ आकस्मिक ओलावृष्टि से तबाह हुई किसानों की फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। गल्ला मंडी से शुरू हुआ किसानों का पैदल मार्च एसडीएम कोर्ट पहुंचा। जहां पर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश आह्वान पर पूर्व सपा विधानसभा प्रत्याशी राजपूत चंद्रवती वर्मा के नेतृत्व में किसानों की तादाद में किसानों ने पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शन किया। गल्ला मंडी से शुरू हुआ पैदल मार्च रानी गेट, रामलीला मैदान, बजरिया, अंबेडकर चौराहे से होता हुआ एसडीएम कोर्ट पहुंचा। जहां पर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम अभिमन्यु कुमार को सौंपा। पैदल मार्च के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर राजपूत चंद्रवती वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की हितैषी नहीं है। कहा कि ओलावृष्टि से हजारों किसानों की फसलें तबाह हो गईं हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा तक नहीं दिया है। जिससे अन्नदाता के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। सपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार से शीघ्र ही ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस मौके पर पूर्व विधायक अनिल अहिरवार, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्यपाल यादव, शंकर सिंह लोधी गोहांड, रामस्वरूप किसान गोहांड, नीलम यादव महिला सभा जिलाध्यक्ष, मुलायम सिंह राजपूत, विमल राजपूत, प्रेमचंद्र पासवान, मातादीन पासवान, प्रताप जराखर, मीरा यादव समेत सैकड़ों लोग रहे।


राठ तहसील में प्रदर्शन करते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### मौदहा में निकलेगी परशुराम शोभायात्रा

**मौदहा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक एक गेस्ट हाउस में तहसील अध्यक्ष रामचंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 19 अप्रैल को दोपहर तीन बजे से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

परिषद के सदस्यों ने बताया कि इस बार शोभायात्रा को सर्वजातीय स्वरूप दिया जाएगा। यात्रा में भगवान परशुराम का भव्य रथ, घुड़सवार, डीजे और भांगड़ा टोली व विभिन्न प्रकार के बैनर और झंडे मुख्य रूप से शामिल होंगे। शोभायात्रा विद्या देवी पालीवाल इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों और बाजार से होते हुए श्री कुंवर विद्यालय में संपन्न होगी। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार पाण्डेय, मुकेश पालीवाल, जिला अध्यक्ष जयप्रकाश त्रिपाठी, सुनील कुमार त्रिपाठी, अरविंद शर्मा, अजय तिवारी, सोमनाथ बाजपेई और अशोक पाठक समेत संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग में हमीरपुर प्रथम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


डीएम घनश्याम मीना ने जानकारी दी।

- जनपद राजस्व के साथ विकास कार्यों में पृथक श्रेणी में आया

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में 'राजस्व एवं विकास' के संयुक्त इंडेक्स के साथ 'विकास कार्यों' की पृथक श्रेणी में भी पूरे प्रदेश में जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। गत वर्ष 2024-25 में भी जनपद ने वित्तीय वर्ष के अंतिम मार्च माह में प्रथम स्थान पाया था।

जिलाधिकारी घनश्याम मीना के कुशल नेतृत्व में अधिकारियों ने तकनीकी टीम के कर्मियों के साथ तत्परता से डेटा मॉनिटरिंग व पोर्टल प्रबंधन किया। सीमित संसाधनों के बावजूद सभी 75 जनपदों को पीछे छोड़ सुशासन का एक उत्कृष्ट मानक स्थापित किया है। विशेष रूप से राजस्व संग्रहण, बुनियादी ढांचा विकास और सामाजिक कल्याण की योजनाओं में अन्य जनपदों के समक्ष एक मानक स्थापित किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों, तहसील प्रशासन और डाटा पर्यवेक्षण कण्ट्रोल रूम कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य के लिए प्रेरणादायी बताया है। यह सफलता मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी मंशा के अनुरूप पारदर्शी प्रशासन और त्वरित विकास सुनिश्चित करने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। यह उपलब्धि हमें अगले वित्तीय वर्ष में और भी नई ऊर्जा के साथ जनता की सेवा करने, सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने और विकास कार्यों को भ्रष्टाचार मुक्त व पारदर्शी बनाने की प्रेरणा देगी।

## संदिग्ध हालात में लटका मिला विवाहिता का शव

तफ्तीश शुरू

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- मायके पक्ष के लोगों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** चिकासी थाने के हरदुआ गांव में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मायके पक्ष के लोगों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि पति शराब पीकर मारपीट करता था और दहेज की मांग करता था।

हरदुआ गांव निवासी पूजा (26) पत्नी शिवसिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जालौन जनपद के परासन गांव निवासी मृतका के पिता शिवचरण ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी पूजा की शादी दो साल पहले हरदुआ गांव के शिव सिंह पुत्र लखन से किया था। आरोप लगाया कि शादी के बाद शिवसिंह उसकी पुत्री का उत्पीड़न करने लगा।

शिवचरन ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार चिकासी थाने में तहरीर भी दी। आरोप लगाया कि शिवसिंह ने उसकी पुत्री की पिटाई करने के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या की है। मृतका के पिता ने आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की माँग की है। चिकासी थानाध्यक्ष ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## बेतवा पुल के नीचे अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पुलिस की मानें तो अधेड़ ने पुल से कूदकर की आत्महत्या

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बेतवा पुल के नीचे शुक्रवार की सुबह एक अधेड़ का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। मौके पर फील्ड यूनिट ने जांच पड़ताल की। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है।

शुक्रवार को सुबह नेशनल हाईवे स्थित बेतवा पुल के नीचे पत्थरों के बीच एक अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मृतक के पैर एवं मुंह पर पत्थरों से टकराने के कारण चोटें पाई गई हैं, जिससे प्रतीत होता है कि उक्त व्यक्ति द्वारा पुल से कूदकर आत्महत्या की गई है।

मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष बताई जा रही है। मृतक के शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। मौके पर फील्ड यूनिट ने पहुंच कर जांच पड़ताल की। आसपास मौजूद लोगों द्वारा बताया गया कि मृतक शराब पीने का आदी था तथा शराब के नशे में अक्सर यहां आता रहता था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## परीक्षाफल देख खिले बच्चों के चेहरे

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के जलालपुर रोड़ स्थित वीजीएम स्मार्ट पब्लिक स्कूल में नन्हें मुन्ने बच्चें परीक्षा परिणाम पाकर खूब चहके। मुख्य अतिथियों और विशिष्ट अतिथियों बच्चों को आर्शीवाद देते हुए उनका हौंसला बढ़ाया।

शुक्रवार को मुख्य अतिथि एसडीएम अभिमन्यु कुमार, विशिष्ट अतिथि सीओ राजीव प्रताप सिंह, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, स्कूल संस्थापक राकेश मिश्रा, एबीएसए शैलेश त्रिपाठी ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के गले में मेडल पहनाकर उन्हें परीक्षाफल सौंपे। इस दौरान कक्षा 1 में आध्या, मानवी, नित्या, कक्षा 2 में प्रांजुल, जकी, धुरव, कक्षा 3 में माही, समर्थ, पार्थ, कक्षा 4 में सिया, वैष्णवी, स्पर्श, कक्षा 5 में राजू और आरोही को सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य बच्चों भी सम्मानित हुए। इस मौके पर एसडीएम अभिमन्यु कुमार और सीओ राजीव प्रताप ने बच्चों को आर्शीवाद देते हुए उनका हौंसला बढ़ाया और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस मौके पर स्कूल के उपाध्यक्ष हरिनारायन नगाइच, प्रबंधक दीप्ति मिश्रा, उपप्रबंधक प्रियंक मिश्रा, प्रधानाचार्य सनी कॉलिंस, बॉबी अग्रवाल आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।



बच्चों को सम्मानित करते एसडीएम, सीओ, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### पड़ोसियों के विरुद्ध मारपीट की तहरीर

**बिवांर।** पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के दौरान पड़ोसी तीन युवकों ने घर के अंदर घुसकर अभद्रता करते हुए पति पर लाठी डंडों से मारपीट की। पत्नी ने तीनों युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

क्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी शिवकांती पत्नी श्यामलाल कुशवाह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि घर में घरेलू बात को लेकर पति विवाद कर रहा था। तभी पड़ोस का ब्रिज किशोर पुत्र भूरा कुशवाहा आकर गाली गलौज करने लगा। शोरगुल सुनकर पड़ोस के मुक्कू पुत्र घपलू, लक्ष्मण पुत्र राम सेवक अपने हाथ में लाठी डंडा लिए हुए घर के अंदर घुस आए हैं और तीनों युवक पति के साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। पुलिस ने घायल पति का छानी सीएचसी में उपचार कराया है। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि तीनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## अभद्र टिप्पणी पर ब्राह्मण महासभा ने पुलिस से कार्रवाई की मांग उठाई

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के इचौली गांव में सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने का मामला गर्मा गया है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने इस पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए पुलिस को शिकायती पत्र सौंप आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

महासभा के पदाधिकारियों ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि इचौली निवासी श्याम पुत्र सुखराम वर्मा ने अपनी फेसबुक आईडी से एक वीडियो साझा किया है। आरोप है कि वीडियो में उसने ब्राह्मण समाज के लिए सार्वजनिक रूप से बेहद अभद्र और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया है। इतना ही नहीं, युवक पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के भी आरोप लगाए हैं। महासभा ने कहा कि इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणियों से न केवल ब्राह्मण समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि संपूर्ण सर्व समाज में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। सोशल मीडिया पर इस तरह का वैमनस्य फैलाना समाज की शांति और एकता के लिए खतरा है। पुलिस प्रशासन से मांग की है कि फेसबुक प्रोफाइल की जांच कर आरोपी के विरुद्ध तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार करने की कार्रवाई अमल में लाई जाए। क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राज बाजपेयी, दिलीप तिवारी, विपिन दुबे, बृजबिहारी दुबे, संजय त्रिपाठी सहित महासभा के दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस चौकी में ज्ञापन देने पहुंचे ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

### ठेका के खिलाफ उतरी महिलाएं

**बिवांर।** डीएम से कंपोजिट शराब का ठेका स्कूल के पास से हटाने की मांग पर आबकारी इंस्पेक्टर जांच करने पहुंचे, लेकिन ठेका न हटाने पर महिलाएं सड़क पर बैठ गई। एक सप्ताह में कार्रवाई के भरोसे पर महिलाएं मानीं।

न्यूरिया गांव में मौदहा-बसवारी रोड के किनारे कंपोजिट बीयर व देशी शराब का ठेका है। गुरुवार को महिलाओं ने भाकियू नेताओं के साथ डीएम घनश्याम मीणा को प्रार्थना पत्र देकर ठेका हटाने की मांग की थी। शुक्रवार को आबकारी इंस्पेक्टर सत्येन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे, जहां महिलाएं मौजूद थीं। आबकारी इंस्पेक्टर ने कहा कि लाइसेंस के अनुसार यहीं चलेगा। इस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। नोकझोंक होने लगी। महिलाएं ठेका के सामने ही सड़क पर बैठ गईं। आबकारी इंस्पेक्टर सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि लाइसेंसधारक को एक सप्ताह का समय दिया गया है।


एचपीवी वैक्सीन कक्ष का फीता काटते ब्लाक प्रमुख। अमृत विचार

### ब्लाक प्रमुख ने टीकाकरण शुरू कराया

**मुस्करा (हमीरपुर)।** कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महत्वपूर्ण एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण राजपूत ने किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ बृजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि सवाईकल कैंसर से बेटियों का जीवन बचाने के नए विकल्प के रूप में इस वैक्सीन की खोज की गई है। जिसे सरकार की ओर से सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर भेजा गया है। इसी क्रम में कस्बे के स्वास्थ्य केंद्र में भी इसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण राजपूत द्वारा एक सादे समारोह में किया गया। उन्होंने बताया कि इससे बहुत से गरीब बेटियों को महिलाओं को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस योजना में विशेष रूप से 14 से 15 वर्ष की किशोरियों का टीकाकरण होगा एवं उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

यादें ताजा | सादगी से मनाया गया कार्यक्रम, सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए

## पूर्व सांसद रज्जू महाराज की जयंती पर जुटे करीबी समर्थक

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पूर्व सांसद-विधायक स्व.राजनारायन बुधौलिया उर्फ रज्जू महाराज का 65वां जन्मोत्सव श्रद्धा और सादगी के साथ मनाया गया। पूर्व सांसद के आवास पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कस्बे के सैकड़ों लोगों ने पहुंच कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उनके चाहने वालों ने रज्जू महाराज अमर रहे के नारे लगाए।

शुक्रवार को पूर्व सांसद के आवास पर उनके समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनके भतीजे प्रशांत बुधौलिया उर्फ गुड्डन महाराज ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। इस मौके पर रामलीला सांस्कृतिक कमेटी के अध्यक्ष वीर नारायन बुधौलिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, रामलीला कमेटी के मंत्री सुरेश खेबरिया, मां शारदा बालिका इंटर कालेज के प्रबंधक मनोज बुधौलिया, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष गिरीश शरण बुधौलिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कंधी लाल भारती शैलेंद्र बादल समेत सैकड़ों लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।


रज्जू महाराज के जन्मदिन पर श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग अमृत विचार

## निर्धन बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

- जकॉपी-किताबों के साथ बैग पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**राठ।** पूर्व सांसद राजनारायन बुधौलिया के 65वें जन्मदिन पर रज्जू महाराज फाउंडेशन फॉर चैरिटी सोसायटी द्वारा निर्धन बच्चों को कापी किताबें और बस्ता वितरित किए गए। इसके अलावा संस्था द्वारा व्यक्ति के निधन के पश्चात शरीर को सुरक्षित रखने के उद्देश्य को लेकर एक बाडी फ्रीजर कस्बे के लोगों को समर्पित किया।

डायरेक्टर मुकेश कुमार बुधौलिया ने बताया कि बीते दिनों हुए बचपन प्ले स्कूल में संपन्न हुई ज्ञान ज्योति परीक्षा में निशुल्क शिक्षा के लिए 14 बच्चों का चयन किया गया था। जिसमें नैंसी, चंचल, श्रेया, एंजल, आस्था, जाराहयात खान, प्रतिभा, दीपशिक्षा, ओजस, मोहित कुमार, अनन्या, आनंद पाल, रितुराज, आर्यन चयनित हुए थे। फाउंडेशन के पदाधिकारियों और कस्बे में अभी हाल ही में यूपीएससी में चयनित यशवर्धन, दीपेंद्र राजपूत जीएसटी कमिश्नर, पारुल पटेल जीएसटी असिसटेंट कमिश्नर, मानसी पुरवार नायब तहसीलदार, अमन हिंगवासिया नायब तहसीलदार पीयूष सोनी जीएसटी इंस्पेक्टर ने परीक्षा में चयनित बच्चों को प्रमाण पत्र, कापी, बस्ता देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महेश सोनी, शिवकरन तिवारी, अमरजीत अरोरा, नवीन बुधौलिया, अरविंद मुखिया, सुनील नगाइच, अवधेशपाठक, मनोज बुधौलिया, हरीचरन फौजी, छोटे इकबाल आदि लोग रहे।


बच्चों को पाठय सामग्री दी गई।

### भाजपा ने चलाया संपर्क अभियान

**मौदहा।** भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को फत्तेपुरवा और नायक पुरवा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक घर में दस्तक दी और सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं का रिपोर्ट कार्ड पेश किया।

पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और केंद्र व राज्य सरकार की उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के लाभ की चर्चा की। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने बताया कि हाईकमान का स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित की जाए। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, जिलामंत्री सियाराम, श्यामबाबू गुप्ता, सुबोध गुप्ता, रमेश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मतदाता सूची का किया गया प्रकाशन

कुलपहाड़। चुनाव आयोग के निर्देश पर एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद तैयार की गई मतदाता सूची का पुन: शुक्रवार को प्रकाशन किया गया। बीएलओ भूपेंद्र सैनी, राकेश सक्सेना, विमल स्वर्णकार एवं सुपरवाइजर मलखान सिंह ने भाग संख्या 311, 312 व 313 का आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में प्रकाशन किया गया। बीएलओ ने बताया कि किसी भी तरह की त्रुटि सुधार के लिए सभी विकल्प खुले है। उन्होंने बताया कि नये नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6, संसोधन के लिए फार्म 8 और विलोपन के लिए फार्म 7 भरकर जमा कर सकते हैं।

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ा

महोबा। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अजनर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने उपनिरीक्षक आकाश मौर्य के नेतृत्व् में कांस्टेबिल हरीओम व महिला कांस्टेबिल ममता कुशवाहा ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग का वांछित अभियुक्त सुनील अहिरवार पुत्र रघ्घू उर्फ रघुवीर अहिरवार निवासी ग्राम रिवई थाना महोबकंठ I को मवइया गांव के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा है।

### दो ग्राम पंचायतों में लगाई गईं चौपालें

कुरारा (हमीरपुर)। मनकी खुर्द व कुसमरा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। 4 शिकायतों का समाधान किया गया। ग्राम पंचायत कुसमरा में बीडीओ मनोज गुप्ता ने चौपाल लगाई, जिसमें गांव की लक्ष्मी ने हैंडपम्प मरम्मत की मांग की, जिस पर सही कराया गया। नत्थू के वृद्धा पेंशन की केवाईसी की गई। मुन्नालाल को परिवार रजिस्टर की नकल दी गई। उधर मनकी खुर्द गांव में सचिव जमाल अहमद के सामने चौपाल में शकुंतला ने किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत की, जिसका समाधान किया गया। चौपाल में प्रधान, सचिव, कोटेदार एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री रहीं।

# फॉर्मर रजिस्ट्री कराएं, फायदा उठाएं

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)


फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए गांव में एनाउंस करती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत खिरियाकला में शिविर लगाकर ग्राम पंचायत ने फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए पूरे गांव में डुग्गी पिटवाकर एनाउंस कराया। फार्मर रजिस्ट्री होने की जानकारी मिलने पर 15 किसानों ने मौके पर पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री कराई। फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए सरकार विशेष जोर दे रही है।

विकासखंड जैतपुर के खिरियाकला गांव में शिविर लगाया गया, इसके बाद फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए गांव में डुग्गी पिटवाकर एनाउंस भी कराया गया। इसकी जानकारी लगते ही किसान भारी संख्या में मौके पर पहुंच गए। किसानों की शिविर की फार्मर रजिस्ट्री कराई गई और माइक से घर घर जाकर प्रचार प्रसार कराया गया। प्रचार प्रसार दौरान बताया कि 90 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है, शेष किसानों की रजिस्ट्री कराई जानी है।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, लेखपाल, कोटेदार, पंचायत मित्र टीम सहित पूरे गांव का भ्रमण करते दिखाई दिए। अभियान चलाकर गांव के 15 किसानों का मौके पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री कराई गई। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हर्षित नगायच ने भी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने का आग्रह किया। बताया कि फार्मर रजिस्ट्री होने पर ही शासन की लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री से अगर कोई किसान वंचित रहेगा तो उसे शासन की योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत सहायक रोशनी, लेखपाल भाग्यवली आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस और कांग्रेसियों के बीच छीना-झपटी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अभद्र टिप्पणी को लेकर प्रदर्शन करने निकले कांग्रेस कार्यकर्ता
- पुलिस ने कांग्रेसियों से असम के मुख्यमंत्री का पुतला छीना


कांग्रेसियों से असम के मुख्यमंत्री का पुतला छीनती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के विरुद्ध असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वकर्मा द्वारा की गई टिप्पणी की जिले के कांग्रेसियों ने निंदा करते हुए इस टिप्पणी को लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिज्ञ संस्कृति और मर्यादा को तार तार करने वाला कृत्य बताया। असम के मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेसियों ने असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने पुतला छीन लिया, इससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री की कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के लिए की गई अभद्र टिप्पणी की जिले के कांग्रेसी निंदा करते हैं। इस टिप्पणी से नाराज कांग्रेसियों ने एकजुट होकर विरोध किए जाने का निर्णय लिया और भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शहर के बजरिया में एकत्र हुए, जहां से असम के मुख्यमंत्री का पुतला लेकर फूंकने के लिए निकल पड़े, लेकिन पुलिस की तानाशाही के चलते पुतला नहीं फूंक सके, जिससे कांग्रेसियों में खासा आक्रोश दिखाई दिया।

कांग्रेस कमेटी के जिला महासिचव खेतचंद्र अहिरवार ने कहा कि पुलिस सत्ता पक्ष के इशारे पर कार्य कर रही है, जिसके चलते उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर विरोध भी नहीं जताने दिया जा रहा है। इस मौके पर महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष मामा भारती, वरिष्ठ कांग्रेसी मुरलीधर सोनी, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश नामदेव, अरविंद द्विवेदी, हरगोविंद कुशवाहा, महेश अग्रवाल, रामबाबू यादव सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उधार मछली नहीं देने पर ससुर के हाथ-पैर तोड़े, बहू को भी पीटा

## शोरशराबा सुनकर दौड़े गांव वाले, घायल ससुर-बहू को अस्पताल में भर्ती कराया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- महोबकंठ थाना क्षेत्र के भुजपुरा गांव में गुरुवार शाम घटना
- पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप


जिला अस्पताल में भर्ती घायल ससुर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महोबकंठ थाना क्षेत्र के भुजपुरा गांव में दबंगों ने ससुर और बहू को उधार मछली न दिए को लेकर लाठी-डंडों से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। शोरशराबा सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने के बावजूद अब तक दबंगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उनका परिवार डरा-सहमा है।

भुजपुरा गांव की निवासी नंदराम रैकवार ने बताया कि वह गांव के तालाब में मछली पालन का काम करता है। कुछ दिन पूर्व तालाब में गांव के कुछ दबंगों पहुंचे और उधार मछली देने की बात कहने लगे, उधार मछली न दिए जाने से दबंग रंजिश मान बैठे। पीड़ित ने बताया कि जब वह बीती देर शाम घर के दरवाजे पर बच्चों के साथ बैठा हुआ था, तभी बिजली जाते ही गांव के दबंगों ने उन पर अचानक लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनके दोनों हाथ और पैर टूट गए। बताया कि मारपीट देख बीच बचाव करने आई बहू पार्वती को भी दबंगों ने नहीं बख्शा और इसके बाद जब वह बेहोश होकर गिरने लगा तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक दबंग जा चुके, इसके बाद घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां नंदराम की हालत नाजुक बनी हुई है। नंदराम की पत्नी रामबाई ने थाने में तहरीर देकर बताया कि हमलावर हाथों में कुल्हाड़ी और लाठियां लेकर घर में घुसे थे। उन्होंने मारपीट के साथ-साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गालियां भी दीं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद थाने में शिकायत दी गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# बंदर के हमले में छह लोग जख्मी

**बेलाताल।** कस्बे के खंदियापुरा और घुसियाना में बंदर के हमले में आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो गए हैं। अब ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर खेत खलिहान जा रहे हैं। वन विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई है, लेकिन बंदर को आज तक नहीं पकड़ गया।

जैतपुर के खंदियापुरा, घुसियाना मुहाल में एक पखवाड़े से बंदर का आतंक है। पहाड़ी से छतों पर आकर घरों में घुस जाता है, जिससे लोग चीखते हुए भागते हैं। खंदियापुरा के सरजू रैकवार (60), पिंकी (50), महेंद्र (27), चंदू (30) और घुसियाना की मीरा (52) को बंदर ने घायल कर दिया, जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल और प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। गांव के रामाधार रैकवार, राकेश, पम्मू, रामजीवन का कहना है कि वन विभाग के अजनर रेंज में सूचना दी गई थी। वन विभाग की टीम बंदर को पकड़ने के लिए पहुंची, लेकिन टीम बंदर के आसपास तक नहीं फटक सकी। बंदर को पकड़ने के लिए अब संसाधन जुटाने की बात कहकर वन विभाग की टीम बैरंग लौट गई।

# 12 हजार कार्डधारकों को राशन मिलना बंद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले लोगों के राशनकार्ड हुए निरस्त, खलबली मची

**अमृत विचार।** जिले में किसान सम्मान निधि का लाभ लेने वाले, आईटीआर भरने, 12 बीघा से अधिक जमीन रखने वाले और अपनी आय को छिपाकर गलत आय दर्शाने वाले जनपद के करीब 12 हजार राशनकार्ड उपभोक्ताओं के नाम जारी राशनकार्ड से निरस्त कर दिए गए हैं, इससे अब जिले में हड़कंप मच हुआ है। राशनकार्ड से नाम कटने और निरस्त होने से कोटेदारों ने खाद्यान्न सामग्री देना बंद कर दी, जिसके चलते जिला पूर्ति कार्यालय में ऐसे लोगों की आवाजाही तेज हो गई है।

मालूम हो कि जिले में निशुल्क राशन पाने वाले हजारों लोगों के सामने मुश्किले बढ़ गई हैं। उनके राशनकार्ड निरस्त कर दिए जाने से हर माह मुफ्त में मिलने वाला गेहूं चावल बंद हो गया है, इससे राशनकार्ड उपभोक्ता खासा परेशान है। सुबह से पूर्ति कार्यालय में ऐसे लोगों की भीड़ जुट रही है, जो अधिकारियों और कर्मचारियों से राशनकार्ड से मिलने वाले खाद्यान्न के बंद होने के के बावत जानकारी जुटा रहे हैं, लेकिन अधिकारियों ने भी अब उनके राशनकार्ड बहाल करने और नाम जोड़ने के मामले में हाथ खड़े कर लिए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी का कहना है कि जिले से किसी भी राशनकार्ड उपभोक्ता के नाम काटे गए और न ही राशनकार्ड निरस्त संबन्धी कोई कार्रवाई की गई है। सबकुछ आनलाइन होने के कारण गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले राशनकार्ड उपभोक्ताओं द्वारा भरे गए आईटीआर से वार्षिक आय का पता चलने और जमीन की जानकारी होने पर ऐसे लोगों को दिल्ली से ही आनलाइन नाम काटे जाने और खाद्यान्न सामग्री न देने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इससे जिले में हड़कंप मचा है।

# मंसूरी समाज का शादी समारोह जून में

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)


बैठक में रूपरेखा बनाते मंसूरी समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सुगिरा में शुक्रवार को ऑल इंडिया मंसूरी समाज की एक बैठक जिलाध्यक्ष राका मंसूरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में इस साल मंसूरी समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले शादी समारोह की रणनीति पर विचार करते हुए सर्वसम्मति के साथ जून माह में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज को राजनैतिक तरीके के साथ मजबूत किए जाने पर भी जोर दिया गया।

ऑल इंडिया मंसूरी समाज की बैठक ग्राम सुगिरा में शिक्षक सलीम मंसूरी के आवास संपन्न हुई। बैठक में प्रति वर्ष की भांति इस साल भी मंसूरी समाज द्वारा आयोजित शादी सम्मेलन के बारे में विचार विमर्श किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि चरखारी तहसील के खरेला नगर में आगामी माह जून की 7 से 10 तारीख के बीच शादी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में शादी सम्मेलन की तैयारियों को कुछ रणनीति बनाते हुए लेकर जल्द ही अगली बैठक में एक कमेटी का गठन कर रूपरेखा बनाए जाने की समाज के लोगों ने सहमति प्रदान की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद भी मंसूरी समाज सामाजिक राजनैतिक और शैक्षणिक रुप में पिछड़ा रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं है और समय के साथ धीरे धीरे हर क्षेत्र में समाज एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। कहा कि मंसूरी बिरादरी के लिए सभी को एक साथ मिलकर काम करना होगा और जो पिछड़े हुए लोग हैं, उनके बच्चों को तालीम दिलाने के लिए सभी को मदद करनी होगी, जिससे हमारा समाज मजबूत होगा। इस अवसर पर आल इंडिया मंसूरी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीज मंसूरी, पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद मंसूरी, अंसार मंसूरी, यासीन मंसूरी, सब्बीर मंसूरी, इलियास मंसूरी, बसीर निजामी, शहजाद मंसूरी, रहमत मंसूरी, हाजी गोरी मंसूरी, पीर बक्स मंसूरी, चांद बाबू, अनबार मंसूरी, करीम मंसूरी सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने शिरकत की।

# एसपी ने दरोगाओं के साथ की बैठक

**महोबा।** एसपी शशांक सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में एएसपी वंदना सिंह की उपस्थिति में चौकी और हल्का प्रभारियों के साथ बैठक की। एसपी ने परिचय प्राप्त करने के बाद जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी सब इंस्पेक्टर अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ करें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप अपराध और अपराधियों के विरुद्ध "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाने, प्रभावी जनसुनवाई सुनिश्चित करने, आमजन के साथ विनम्र व्यवहार रखने और अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# प्लेटफार्म से लेकर कैंटीन तक मिली गंदगी

कार्यालय संवाददाता, महोबा


झांसी डीआरएम ने महोबा स्टेशन में अमृत योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। अमृत विचार

- रेलवे स्टेशन में अव्यवस्थाएं देख डीआरएम ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार।** झांसी मंडल के डीआरएम टीम के साथ महोबा रेलवे स्टेशन के अलावा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन में गंदगी के साथ तमाम प्रकार की अव्यवस्थाएं मिलने पर डीआरएम ने नाराजगी व्यक्त की और रेलवे कर्मियों की क्लास लगाते हुए तत्काल अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। अधिकारी के अचानक किए गए निरीक्षण से रेलवे स्टेशन में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने स्टेशन के हर हिस्से का बारीकी से जायजा लिया जहां पर उन्हें साफ सफाई की स्थिति बेहद खराब मिली। अधिकारी टीम के साथ जब रेलवे कैंटीन पहुंचने तो वहां पर कर्मी गंदगी के बीच खाना परोसते नजर आए साथ ही बर्तनों की उचित सफाई न होने पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों को फटकार लगाकर स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रियों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

डीआरएम ने गर्मी को देखते हुए स्टेशन में पानी की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया, जहां पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां ट्रेन के जनरल कोच रुकते हैं, वहां पानी के बूथ अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, जिससे यात्रियों को गर्मी के मौसम में पानी के लिए परेशानी न होना पड़े। इसके अलावा उन्होंने स्टेशन पर लगे नलों, पंखों और वाटर कूलरों की भी व्यवस्थाओं को देखा। डीआरएम ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को अप्रैल माह के अंत तक रेलवे स्टेशन में फैली अव्यवस्थाओं को दूर करने का कड़े निर्देश दिए। खैराडा में बन रहे रेलवे बाईपास कार्य की धीमी प्रगति पर भी उन्होंने चिंता जताई। अधिकारियों ने बताया कि एक बड़े पुल के निर्माण के कारण देरी हो रही है, लेकिन इसे इस वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। डीआरएम ने स्टेशन पर अवैध वेंडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। डीआरएम ने बताया कि रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य स्टेशन की सूरत और सुविधाओं को बेहतर बनाना है।

**स्कूल चलो अभियान** | सिजहरी गांव के पूर्व माध्यमिक और कन्या प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने निकाली रैली

# रैली निकालकर बच्चों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता महोबा


रैली के दौरान गांव का भ्रमण करते बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नया शिक्षण सत्र के शुरू होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल चलो अभियान के तहत शुक्रवार को सिजहरी गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय और कन्या प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने गांव में जागरूकता रैली निकाल कर शिक्षा के अलख जगाई। रैली में स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने अभिभावकों को कक्षानुसार अपने बच्चों का नजदीकी सरकारी विद्यालय में नामांकन कराने पर जोर दिया साथ बच्चों का प्रवेश होने के बाद सरकार की योजना के तहत मुफ्त पाठय पुस्तके यूनीफार्म आदि की जानकारी दी।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय और कन्या प्राथमिक विद्यालय सिजहरी के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों की देखरेख में छात्र छात्राओं ने गांव में रैली निकाली। रैली दौरान घर-घर शिक्षा दीप जलाओ उन्नत देश बनाओ, आधी रोटी खाएंगे अपने नन्हे मुन्ने बच्चों को स्कूल में नाम लिख आएंगे, एक भी बच्चा छोटा संकल्प हमारा टूटा आदि नारे लगाते हुए बच्चों ने पूरे गांव में भ्रमण करते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। शिक्षकों, बच्चों ने गांव में घूमते हुए मोहल्ले मोहल्ले में जाकर के अभिभावकों से संपर्क करते हुए स्कूल चलो अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दयाराम वर्मा ने बताया कि 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों, विशेषकर वंचित और स्कूल छोड़ने वाले बच्चों का विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। यह अभियान साक्षरता बढ़ाने, शिक्षा के प्रति जन जागरूकता पैदा करने और बालिकाओं व कमजोर वर्गों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चलाया जा रहा है।

प्रधानाध्यापक ने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र की सच्ची सुरक्षा है, देश को विश्व की ताकत बनाने के लिए हम सभी को प्रत्येक बच्चों को शिक्षित करना है। बताया कि सरकारी विद्यालय में बच्चों को निशुल के किताबों का वितरण बैग जूता मौजा यूनिफॉर्म के अलावा स्वच्छ वातावरण बच्चों का शिक्षण कार्य कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अच्छी-अच्छी डिग्री वाले शिक्षक लगातार शिक्षण कार्य कर रहे है, जिससे सरकारी विद्यालय के अधिकांश स्कूलों से बच्चे जैसे नवोदय विद्यालय अटल आवासीय विद्यालय सैनिक विद्यालय की परीक्षा पास कर रहे हैं। रैली में अरुण दुबे, सत्येंद्र सिंह बृजकिशोर मिश्रा, अवधेश कुमार, घनश्याम आदि शिक्षक सहयोग किया। इस मौके पर लाल मोहम्द, मानसिंह, विनीता, किरण, रचना परिहार शिक्षक के अलावा स्कूल बच्चे शामिल रहे।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाई धूम

कार्यालय संवाददाता, महोबा


कंपोजिट विद्यालय में नाटक का मंचन करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन रोड स्थित काशीराम कॉलोनी के कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों और नाटकों के जरिए सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

शुरुआत प्रधानाध्यक मोहम्मद इरफान ने अतिथियों को बैच लगाकर दी। बच्चों ने एक ओर जहां रंगारंग कार्यक्रम पेश किए, वहीं दूसरी ओर शिक्षा की महत्ता और बड़ों के सम्मान पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए, जिसमें सोशल मीडिया पर आधारित नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में मंडल, राज्य, ब्लॉक और जिला स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को भी पुरस्कृत किया गया। कक्षा 8 से शालिनी, शिवांकी यादव, दिव्यांशी, कार्तिक और शुभम कुमार को मोमेंटो दिए गए। कक्षा 7 के मोहित, मोहिनी, रितिक और रिहान, कक्षा 6 की राधा, महिमा, शैली, दिव्यांश और जोया खान को सम्मानित किया गया। स्कूल में नए प्रवेश लेने वाले बच्चों को उपहार भेंट कर विद्यालय परिवार में स्वागत किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग से डीसी संजीव अवस्थी, एसआरजी रिचा यादव और एआरपी रतना शर्मा मौजूद रहे। प्रेस क्लब ऑफ यूपी के संरक्षक अमित श्रोतीय, बुंदेलखंड अध्यक्ष इरफान पठान, सभासद फरमान अली, राजेंद्र सहित ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। शिक्षिका भवानी वर्मा, इकरा, अतिका ने आभार जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग से दुराचार में दोषी को 25 वर्ष का कठोर कारावास

**चित्रकूट।** नाबालिग छात्रा से दुराचार के मामले में दोषसिद्ध आरोपी को विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने 25 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। इसे 25 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तेज प्रताप सिंह ने बताया कि 28 मार्च 2023 को एक व्यक्ति ने सरधुआ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी दस वर्षीय नाबालिग बेटी से उदला उर्फ प्रधान उर्फ बृजेश ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध होने पर आरोपी उदला उर्फ प्रधान उर्फ बृजेश को 25 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

### दुष्कर्म, शादी के लिए मजबूर करने के आरोपी को दबोचा

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक रैपुरा आशुतोष तिवारी ने नाबालिग से दुष्कर्म कर जबरन शादी करने के लिए मजबूर करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना रैपुरा के एक गांव निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को आदित्य वर्मा पुत्र संतोष निवासी ग्राम अमूद थाना जरिया (हमीरपुर) बहला फुसलाकर ले गया। विवेचना के दौरान मेडिकल और पीड़िता के न्यायालय के समक्ष बयान के आधार पर मुकदमे में पॉक्सो एक्ट आदि की बढ़ोतरी की गई। शुक्रवार को पुलिस टीम ने आरोपी आदित्य को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई सुशील कुमार और आरक्षी बब्बू राजा शामिल रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने घर में घुसकर नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी से राजा ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में आरक्षी सोनपाल सिंह, संदीप यादव शामिल रहे।

### रपटा धंसने से गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटी तीन लोग घायल

**रामनगर चित्रकूट।** आकांक्षी विकासखंड की ग्राम पंचायत रामनगर के कुम्हारडेरा नदी में पिछले वर्ष बने रपटा के अचानक धंसने से गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। इससे तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि रपटा लगभग एक वर्ष पूर्व ही जिला पंचायत ने बनवाया था। निर्माण के कुछ समय बाद ही इसमें दरारें आने लगी थीं। आरोप लगाया कि ठेकेदार ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती और गुणवत्ता और मानकों की अनदेखी की गई। स्थानीय निवासी हुबलाल प्रजापति ने बताया कि रपटा के नीचे मजबूत नींव तैयार करने के बजाय केवल मिट्टी डालकर काम पूरा कर दिया गया था। इसी कारण रपटा अधिक समय तक टिक नहीं सका और अब पूरी तरह धंस गया। रपटे के ध्वस्त हो जाने से गांव का संपर्क मार्ग प्रभावित हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।

# दोनों विस क्षेत्रों में कम हुए 70,750 मतदाता

## जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के जन प्रतिनिधियों को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मौजूद जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के बाद निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित गर्ग ने जिले में सक्रिय सात मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दी और उनको निर्वाचक नामावलियों की एक प्रति साफ्ट कापी में तथा एक प्रति हार्ड कापी में उपलब्ध कराई। एसआईआर के बाद दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल मिलाकर 70,750 मतदाता कम हुए हैं।

डीएम ने बताया कि जिले की दोनों विधानसभाओं 236-चित्रकूट और 237 मानिकपुर में एसआईआर के पहले कुल 7,38,948 मतदाता थे। छह जनवरी को आलेख्य प्रकाशन के दिन 6,37,956 मतदाता और फिर 10 अप्रैल को संपन्न हुए अंतिम प्रकाशन पर दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 6,68198 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अवधि के दौरान जिले में 30,242 नए मतदाता सम्मिलित किए गए हैं। जिले का जेंडर रेशियो 822 है। अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली में 18 से 19 आयु वर्ग के लगभग 9179 मतदाता सम्मिलित हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक उपलब्ध रहेगी। साथ ही साथ इसे जिले के पोर्टल पर भी देखा जा सकेगा। डीएम ने बताया कि 166 दिन तक चले इस अभियान को सफल बनाने में दो निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, 117 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, 905 बीएलओ और 90 सुपरवाइजरों द्वारा पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ काम किया गया। सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के 3417 बूथ लेबल एजेंटों ने भी सहयोग किया और सभी के सम्मिलित प्रयासों के फलस्वरूप विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन संभव हो सका।

### पंचायत चुनाव के लिए नामावलियों का होगा पुनरीक्षण

- जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय पुलकित गर्ग ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कराया जाना है। मतदाता सूचियों की कंप्यूटरीकरण के उपरांत मतदान केंद्र स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग आदि का काम 17 मार्च से 21 अप्रैल तक, जन सामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल को किया जाएगा। वृहद पुनरीक्षण के दौरान सार्वजनिक अवकाश दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे। निर्धारित समयसारणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का काम पूरा कराया जाएगा।

### अंतिम सूची में चित्रकूट में बढ़े 14909 मतदाता

- एसआईआर की अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। एडीएम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि आलेख्य प्रकाशन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 236 चित्रकूट में पुरुष मतदाता 1,81,940 , महिला 1,49,766 और थर्ड जेंडर सात थे। इस प्रकार यहां कुल मतदाताओं की संख्या 331713 थी। अंतिम प्रकाशन के बाद यहां पुरुष मतदाता 190030, महिला 156584 और थर्ड जेंडर आठ हैं। इस प्रकार अब कुल मतदाता 346622 हो गए हैं। इस प्रकार मसौदा सूची के मतदाताओं की अपेक्षा अंतिम सूची में 14909 मतदाताओं का इजाफा हुआ है।

### मानिकपुर में मसौदा सूची से बढ़े 15,333 मतदाता

- विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 237 मानिकपुर में मसौदा सूची के अनुसार, पुरुष मतदाता, 168009, महिला मतदाता 138232 और थर्ड जेंडर दो थे। इस प्रकार तब कुल मतदाताओं की संख्या 306243 थी। एसआईआर के बाद अंतिम प्रकाशन में पुरुष मतदाता 176658, महिला 144914 और थर्ड जेंडर चार हैं। इस प्रकार अब कुल मतदाता 321576 हैं।



ग्रामीणों की समस्याएं सुनते विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी। अमृत विचार

# विधायक ने भेजा सड़क निर्माण का प्रस्ताव

संवाददाता मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** बरहा कोटरा के समाजसेवी पप्पू बरहा की अगुवाई में ग्रामीणों ने शुक्रवार को मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी के आवास में पहुंचकर सड़क निर्माण की मांग की। इस पर विधायक ने विधायक निधि से सड़क बनवाने का प्रस्ताव सीडीओ को भेज दिया।

पप्पू बरहा ने बताया कि लंबे अरसे से गांव के घूरेहटा से मेड़ेलाल के पुरवा तक काफी खराब सड़क है। जिससे आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। विधायक ने ग्रामीणों की समस्या पर तुरंत संज्ञान लेते हुए वर्ष 2025-26 की विधायक निधि से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी को भेजे। विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायतों में सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

इन प्रस्तावित कार्यों में सड़कों के निर्माण, इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इनकी जिम्मेदारी संबंधित विकास खंडों और कार्यदायी संस्थाओं को जिम्मेदारी सौंपने की बात कही गई है। इस दौरान भाजपा नेता नान तिवारी, समयलाल, मंजू देवी, रमेश, रामचंद्र, पुष्पा देवी, कुंवरिया, राममिलांज संतलाल, राजाराम, गुड्डू, अखिलेश कुमार, कल्लू आदि मौजूद रहे।

# शिविर में भाजपाइयों को किया प्रशिक्षित

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट




पार्टी के प्रशिक्षण महाभियान में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कर्वी नगर मंडल के दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया।

इसमें पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आनंद त्रिपाठी, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि ने पार्टी के संबंध में विचार रखे। उद्घाटन सत्र में जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि किसी भी राजनैतिक पार्टी को चलाने के लिए उसकी कार्यपद्धति का ठीक होना बहुत जरूरी है। अन्य दलों और भाजपा की कार्यपद्धति में बहुत अंतर है। शिवशंकर सिंह ने कहा कि भाजपा विचारों पर काम करने वाली पार्टी है। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि सभी को पार्टी के इतिहास की जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान रवि गुप्ता, दिव्या त्रिपाठी, अंजू वर्मा, माया प्रजापति, हीरो मिश्रा, दीपक द्विवेदी, पवन बद्री, शुभम गुप्ता, संजय पांडे,विजय चंद्र गुप्ता, साधना सिंह, अर्चना सिंह आदि मौजूद रहे।

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

## कांग्रेसियों ने की हिमंत बिस्वा सरमा के पुतला दहन की कोशिश

**चित्रकूट।** कांग्रेसियों के असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पुतला दहन करने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि कांग्रेसी कचहरी के पार्क में इकट्ठा होकर जुलूस निकालकर पटेल तिराहे पहुंचे। जैसे ही पुतला जलाने का प्रयास किया वहां पुलिसकर्मी पहुंच गए। पुलिस ने पुतले को छीन लिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार मिला हुआ है लेकिन सरकार पुलिस के दम पर दबाने का काम कर रही है। रंजना बरातीलाल पांडेय ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की, जिसकी निंदा करती हैं।

# फार्मर रजिस्ट्री नहीं, तो नहीं मिलेगा लाभ

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट



किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के फायदे बताते एसडीएम फूलचंद्र यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के फायदे गिनाए। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग की जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल तक फॉर्मर रजिस्ट्रेशन नहीं करते हैं तो उन्हें सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

बताया कि सरकार ने प्रदेश में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की है। एसडीएम ने 15 अप्रैल तक राजस्व निरीक्षक व लेखपालों को शतप्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री बनाने के निर्देश दिए। बताया कि इसके लिए कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। किसानों से अपील की कि अपने दस्तावेजों को लेकर किसी भी जनसेवा केंद्र व लेखपाल द्वारा लगाए गए कैंप में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसमें लापरवाही बरतने वाले राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताया कि इससे किसानों के कृषि उत्पादों का सुविधाजनक वितरण राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तथा किसानों को फ़सली ऋण के साथ किसान क्रेडिट कार्ड का त्वरित वितरण किया जाता है।

- उप जिलाधिकारी ने बताए किसानों को फायदे

# रामकथा सुनने से मानव जीवन का होता है कल्याण

संवाददाता, मऊ चित्रकूट



कथा सुनाती विदुषी सुमन देवी।

**अमृत विचार।** कस्बे में चल रही पंच दिवसीय रामकथा महोत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि रामकथा सुनने से मानव जीवन का कल्याण होता है।

समापन दिवस पर कथा व्यास पंडित राजेंद्र तिवारी (फतेहपुर) ने अजामिल प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। पंडित राकेशधर द्विवेदी शास्त्री (रायबरेली) ने महाराज दशरथ और महारानी कैकेयी के कोप भवन प्रसंग को प्रस्तुत किया। विदुषी सुमन देवी (बांदा) ने सीता हरण एवं जटायु प्रसंग का जीवंत वर्णन किया। कार्यक्रम के संयोजक कामता प्रसाद मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर पहुंचे मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि रामकथा सत्य का मार्ग दिखाती है और इसे सुनने से मानव का कल्याण संभव है। इस मौके पर पंकज मिश्रा ने तबले , दीपक कुमार ने पैड और पप्पू सिंह ने ऑर्गन पर संगत की। इस दौरान पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद, अशोक द्विवेदी, रामचंद्र ओझा, चंद्रमा प्रसाद पांडेय, संदीप मिश्रा, रमाशंकर त्रिपाठी, शरद मिश्रा, प्रेमचंद्र पाल, जय भारत आदि मौजूद रहे।

# चौपाल में छाया नमामि गंगे का मुद्दा

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट




नांदिन कुर्मियान में लगी जन चौपाल में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आकांक्षी ब्लाक रामनगर की ग्राम पंचायत नांदिन कुर्मियान में शुक्रवार को एडीएम चंद्रशेखर ने जनचौपाल लगाई। इसमें नमामि गंगे परियोजना का मुद्दा छाया रहा। ग्रामीणों ने बताया कि कई घरों में तो पानी ही नहीं आ रहा।

ग्रामीण मोती लाल, भैयालाल, कृष्ण कुमार आदि ने पाइप लाइनों में बराबर पानी नहीं आने का आरोप लगाया। इनका कहना था कि कई मुहल्लों में तो एक बूंद पानी नहीं आता। इस पर एडीएम ने एक सप्ताह में समस्या का निराकरण कराने का आश्वासन दिया। खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को गोवंशों को अन्ना न छोड़ने की अपील की। ग्रामीणों ने नाली खड़ंजा, सफाई, आवास, पेंशन, पेयजल आदि समस्याएं बताईं।

गांव के किनारे बने कोढवा तालाब की सफाई कराने की मांग की। धीरेंद्र कुमार सिंह ने मेनरोड से स्वास्थ्य केंद्र तक इंटरलॉकिंग बनवाने का मुद्दा रखा। अपर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। इस दौरान देवमणि त्रिपाठी प्रभारी चिकित्साधिकारी, अनुराग पांडेय प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत, एडीओ एसटी विनय गौड, प्रधान प्रतिनिधि कैलाश सिंह, रीतेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा आधार कार्ड में नाम संतराम पुत्र दादू पता ग्राम नोनापुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम संतराम पुत्र दादू को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **संतराम पुत्र दादू निवासी नोनापुर कानपुर देहात**

**सूचना**
मैं **सरोज शर्मा पुत्र सोनेलाल शर्मा निवासी मोहम्मदपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर,** मैंने अपनी पुत्री नीलाक्षी शर्मा से संबंध विच्छेद कर चल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, इनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक और अनैतिक कार्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई भी लेना–देना नहीं होगा।

**सूचना**
मेरी कक्षा 11 एफ 1 संस्थान वर्ष 2020 की अंक तालिका अनुक्रमांक 1098 534 एग्रीकल्चर यूपी बोर्ड प्रयागराज वास्तव में खो गई है। **पंडित भगवती प्रसाद शुक्ला इंटर कालेज करिया झाला झींझक कानपुर देहात आशीष कुमार पुत्र अशोक बाबू ग्राम नार खुर्द परगना व तहसील रसूलाबाद कानपुर देहात**

**सूचना**
मैं **प्रिया पाण्डेय, पुत्री स्व0 संतोष कुमार पाण्डेय, निवासी 193 जगतपुरी, पुराना शिवली रोड, कल्याणपुर,कानपुर नगर** , मैंने अपनी 10वीं ICSE) एवं 12वीं (ISC) की परीक्षाएँ Bishop Westcott School, Civil Lines, Kanpur Nagar से क्रमशः वर्ष 2013 एवं 2015 में उत्तीर्ण की हैं कि मेरी उपरोक्त परीक्षाओं की मूल मार्कशीट/सर्टिफिकेट वास्तव में खो गए हैं।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम SANJAY KUMAR SINGH था मैने अपना नाम बदलकर SANJAY SINGH RATHORE रख लिया हूँ। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SANJAY SINGH RATHORE S/0-SHIV KUMAR SINGH **निवासी– मकान नंव–988 बी बलाक पनकी पनकाबहादुर नगर कानपुर नगर (उ0प्र0)**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम RAVI SHANKAR PANDEY था से बदलकर RAVI SHANKER PANDEY हो गया है। अब मुझे RAVI SHANKER PANDEY के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-PUNIT KUMAR PANDEY ADD-NEAR SHRI MARRIAGE HALL MOOR GHAT ROAD KATRA CHUNGI POST-ITI DIST-BASTI-272001 (U.P.)

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड नंबर 296195356567 में त्रुटिवश मेरा नाम मनोज कुमारी, जन्मतिथि 01/01/ 1994 व पिता का नाम शिव राम सिंह चौहान दर्ज है। मेरा सही नाम काव्या चौहान पुत्री शिवराम सिंह चौहान जन्म तिथि 28/06/ 2004 है। जो सही है। **काव्या चौहान पुत्री शिवराम सिंह चौहान निवासी- दौलतपुर (ठठिया) कन्नौज**

**सूचना**
कु. मन्जू पुत्री रामअशीष ग्राम चकेसर पो0 रसूलपुर जनपद मऊ। मेरी आग्जिलयरी नर्स मिडवाइफ प्रमाण पत्र सर्टिफिटेक नं. 36280 रोल नं0– 122713262 अप्रैल 2013 है एवं रजिस्टेशन नं. 27611 ट्रेनिंग पीरियड अक्टूबर 2011 से अप्रैल 2013 है कही खो गया है।

बैठक

प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय ने दिए दिशा–निर्देश

# टैक्स के साथ अनिवार्य रूप से वसूलें यूजर चार्ज

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



नगर पालिका अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी अधिकारी अरुण कुमार।

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अरुण कुमार ने शुक्रवार को नगर विकास एवं स्वच्छता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने यूजर चार्ज को टैक्स के साथ अनिवार्य रूप से वसूलने को कहा। साथ ही पॉलीथिन प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करने और उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में अधिशासी अधिकारी लालजी ने बताया कि नगर क्षेत्र के कुल 11,162 भवन पालिका अभिलेखों में दर्ज हैं। इनमें 10,957 आवासीय, 69 शासकीय एवं 136 व्यावसायिक भवन शामिल हैं। एडीएम ने 15वें वित्त आयोग, मुख्यमंत्री नगरीय जन योजना, राज्य वित्त आयोग, बंधन योजना तथा पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना के अंतर्गत संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। गर्मी के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाने के निर्देश दिए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर के जीवीपी (गारबेज वर्नरेबुल प्वाइंट्स) के विलोपन एवं सुंदरीकरण पर विशेष जोर दिया गया। प्रभारी अधिकारी ने कर वसूली में सुधार लाने, पॉलिथीन अभियान को प्रभावी बनाने तथा स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अधिकारी मानिकपुर भारत सिंह, जग्गी लाल, शिवा कुमार, कमलाकांत शुक्ला, राहुल पांडेय, रामकुमार आदि अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुराने गांवों की चकबंदी पूरी धारा 52 का प्रस्ताव भेजा

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लंबी अवधि से लंबित ग्रामों में अभियान चलाकर चकबंदी प्रक्रिया पूरी किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिले के 12 वर्ष पुराने तीन गांवों की चकबंदी पूरी करते हुए धारा 52 का प्रस्ताव चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ को भेज दिया गया है।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि इन गांवों में मिर्जापुर, लठागुठऊपुर तथा महरुछ शामिल हैं। इनमें प्रक्रिया के दौरान सार्वजनिक प्रयोजन सामान्य आबादी, अनुसूचित जाति आबाद, प्राथमिक विद्यालय, अस्पताल, बारात घर, शमशान, चारागाह, खेल का मैदान, अंबेडकर पार्क, होलिका दहन आदि के लिए 35.1299 हेक्टेयर भूमि आरक्षित की गई है। सार्वजनिक उपयोगिता की 19.1094 हेक्टेयर भूमि, जो किसानों के नाम अवैध रूप से दर्ज थी, को खारिज करके ग्रामसभा के नाम दर्ज किया गया। बताया कि जिले में चकबंदी प्रक्रिया त्वरित गति से चल रही है। तहसील मानिकपुर के दो गांवों खरौंध, ऐंचवारा व तहसील राजापुर के सिकरीसालिस में धारा 52 का प्रकाशन कराए जाने के लिए प्रक्रिया जारी है। इनका काम तीन माह में पूरा करा दिया जाएगा।

## अधिकारी बन लूट का मामला, पुलिस ने किया इंकार

**पहाड़ी।** कस्बे में खाद्य विभाग का बड़ा अधिकारी बताकर एक व्यापारी से खुलेआम वसूली का मामला सामने आया है। इसके वीडियो सामने आने की बात भी कही जा रही है (हालांकि 'अमृत विचार' इसकी पुष्टि नहीं करता)। कस्बे के एक किराना व्यापारी की दुकान पर शुक्रवार को तीन लोग पहुंचे। इनमें से एक ने खुद को फूड इंस्पेक्टर बताकर जांच शुरू कर दी। लाइसेंस और कागजातों में खामियां गिनाते हुए उसने कार्रवाई और सीलिंग की धमकी दी। भय और दबाव का माहौल बनाकर आरोपियों ने व्यापारी से मोटी रकम ऐंठ ली और फरार हो गए। वहीं, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

